वर्ष : 16 | अंक : 235 | मूल्य : 02 रूपया मात्र | पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

बुधवार 18 दिसम्बर 2024

## समाचार

### नशामुक्ति के लिए सांसदों को अपने क्षेत्रों में आंदोलन चलाना होगा: लोकसभा अध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से नशामुक्ति के लिए अपने क्षेत्रों में आंदोलन चलाने की अपील करते हुए कहा कि नशीले पदार्थों की समस्या को समाप्त करना ही होगा। बिरला ने सदन में प्रश्नकाल में कहा, नशामुक्ति के लिए सभी सदस्यों को अपने क्षेत्रों में बड़ा आंदोलन चलाना चाहिए। यह सामाजिक आंदोलन से ही संभव होगा और नशे की समस्या को समाप्त करना ही होगा। उन्होंने यह बात उस समय कही, जब सदस्य तटीय सुरक्षा और अवैध मादक द्रव्यों की तस्करी से संबंधित पूरक प्रश्न पूछ रहे थे। पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि इस सरकार में अवैध मादक पदार्थों की इतनी बड़ी मात्रा में जब्ती इसलिए हो रही है क्योंकि निगरानी भी बढ़ी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 से 2024 के बीच मादक पदार्थों की जब्ती बढ़ी है। उन्होंने कहा कि एक दशक पहले 257 किलोग्राम मादक पदार्थ तस्करी किए जाते हुए पकड़ा गया था और इस साल यह आंकड़ा 12,617 किलोग्राम हो गया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की जब्ती भी एक दशक में 7,000 किलोग्राम से करीब 500 गुना बढ़कर 4.15 लाख किलोग्राम के करीब पहुंच गई है।

# लोकसभा में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल पेश किया

## वोटिंग के दौरान गैरहाजिर सांसदों को नोटिस भेजेगी बीजेपी



**नूना न्यूज एजेंसी।**

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान मंगलवार को केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल पेश किया। इस बिल को स्वीकार कराने को लेकर लोकसभा में वोटिंग कराई गई। हालांकि इस दौरान भाजपा के कई सांसद मौजूद नहीं थे। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी अब गैर हाजिर रहने वाले सांसदों को नोटिस भेजेगी। भाजपा ने अपने लोकसभा सदस्यों को सदन में मौजूद रहने के लिए तीन लाइन का एक व्हिप जारी किया था. सूत्रों के मुताबिक, इसके बावजूद 20 से ज्यादा भाजपा सांसद वोटिंग के वक्त गैर हाजिर थे।

### >> सांसदों की गैर मौजूदगी पर पार्टी गंभीर

भाजपा ने सांसदों के वोटिंग से गैर हाजिर रहने को गंभीरता से लिया है। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी ने अब इन सांसदों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसमें उनसे पूछा जाएगा कि आखिर क्यों वह लोकसभा में वोटिंग के दौरान गैर हाजिर थे। लोकसभा में बिल को लेकर बिल को लेकर लोकसभा में जोरदार हंगामा हुआ. विपक्ष के सांसदों ने इस बिल को लोकतंत्र के खिलाफ बताया. लोकसभा में इस बिल को स्वीकार कर लिया गया।

### >> जेपीसी के पास भेजा जाएगा बिल

इस बिल को लेकर सदन में पहली बार इलेक्ट्रॉनिक डिवीजन हुआ। इस बिल के पक्ष में 220 सांसदों ने वोटिंग की तो 149 सांसदों ने इसका विरोध किया। हालांकि, बाद में फिर से मत विभाजन की प्रक्रिया की गई। दोबारा से मत विभाजन में पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 वोट पड़े। वहीं कांग्रेस, सपा और एनसीपी ने इस बिल को जेपीसी के पास भेजे जाने की मांग की. बिल को अब विचार-विमर्श के लिए संसद की संयुक्त समिति के पास भेजा जाएगा।

## गोहत्या के झूठे शक को लेकर मॉब लिंचिंग द्वारा निर्दोष कासिम की हत्या की गई थी

**दिल्ली**, दि.17 दिस., 2024:- पूरे छह वर्ष पहले गोहत्या के झूठे शक को लेकर मॉब लिंचिंग द्वारा निर्दोष कासिम की हत्या की गई थी। अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमिटी के विचार विभाग की वरिष्ठ उपाध्यक्षा डॉ.जया शुक्ला ने कहा कि नफरत और साम्प्रदायिकता फैलानेके लिये सुनियोजित तरीके. से तथाकथित हिन्दुत्ववादी भाजपा व संघी उन दिनों ऐसी अफवाहें बहुत फैला रहे थे, विशेषकर योगी के उ.प्र. में। मॉब लिंचिंग निकृष्टतम और बेहद अमानवीय अपराधों में है। अब कोर्ट द्वारा इस अपराधके दस आरोपियों को उम्र कैद की सजा दी गई है। डॉ. शुक्ला ने इस फैसले को आवश्यक बताते हुए इसका स्वागत किया। परन्तु साथ ही उन्हेंने कहा कि यदि इतना लम्बा समय नहीं लगता तो इन छह वर्षोंमें जो और अनेकों दुखद घटनायें निर्भय होकर लोगोंने की हैं, उनमें बहुत कमी हुई होती। दोषीको सजा नहीं मिलती देख दबंग और निडर, और अहंकारी हो जाते हैं। डॉ. शुक्ला ने कहा कि ऐसे मामलात में फास्ट ट्रैक कोर्ट को भी बहुत फास्ट चलनेकी आवश्यक होतीहै।

– जया शुक्ला



## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



### अपनों के निशाने पर आने के बाद क्या अब नीतियों में बदलाव लाएगी कांग्रेस?

संविधान पर संसद में विशेष बहस पर अपने नेताओं प्रियंका वाड्रा और राहुल गांधी के भाषणों को लेकर जिस वक्त कांग्रेस गद्गद् हो रही थी, उसी वक्त उस पर कश्मीर की वादियों से सियासी गर्मी का जबर्दस्त झोंका आया। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस को सीधे-सीधे सलाह दे डाली कि ईवीएम का रोना छोड़ो और अपनी हार को स्वीकार कर लो। दिलचस्प यह है कि लोकसभा के अपने पहले भाषण में संविधान पर चर्चा के दौरान प्रियंका वाड्रा ने कहा था कि ईवीएम हटा दो, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। प्रियंका के इस बयान के ठीक बाद सामने आए उमर अब्दुल्ला के ये शब्द महज बयान नहीं है, बल्कि इसके कई राजनीतिक अर्थ हैं। उमर के इस बयान को ममता बनर्जी और रामगोपाल यादव की अभिव्यक्ति की अगली कड़ी के रूप में रखा जा सकता है। यहां एक बार फिर दोहरा देना उचित ही होगा कि इंडिया गठबंधन के अघोषित अगुआ को रूप में राहुल गांधी को नकार चुकी हैं और समाजवादी पार्टी के महासचिव रामगोपाल यादव कांग्रेस की अगुआई को ही नकार चुके हैं। उमर अब्दुल्ला ने अपने बयान के जरिए एक तरह से साफ कर दिया है कि कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व में उनका भरोसा नहीं है। आज की राजनीति जिस बिंदु पर पहुंच चुकी है, उसमें अगुआ की हर गलत-सही बात का समर्थन करना ही अनुयायियों की पहली शर्त बन गई है। तार्किक आधार पर समर्थन और विरोध की सोच को हमारे समाज ने सिरे से नकार दिया है। यह नकार राजनीति में सबसे ज्यादा नजर आता है। अगुआ की बात को अनुयायी ने स्वीकार नहीं किया तो उसे सीधे-सीधे नाफरमानी या अनुशासनहीनता माना जाता है। दलीय व्यवस्था में ऐसे नकार की सजा निष्कासन और निलंबन तय है। चूंकि इंडिया गठबंधन औपचारिक कोई दल नहीं, बल्कि दलों का समूह है, लिहाजा यहां वैसी अनुशासनिक व्यवस्था नहीं है। इसके बावजूद मोटे तौर पर गठबंधनों के बीच एक समझ रही है कि गठबंधन और उसके अगुआ की सेहत पर असर ना पड़े, ऐसी बयानबाजी से दूर रहा जाए। लेकिन ममता बनर्जी, रामगोपाल यादव और उमर अब्दुल्ला के बयान के संदेश साफ हैं। संदेश यह है कि कांग्रेस की अगुआई में उन्हें नरेंद्र मोदी को चुनौती दे पाने की ताकत राहुल गांधी में नहीं दिखती। इन बयानों का एक संदेश यह भी है कि राहुल गांधी की अगुआई में इन दलों का कम से कम राष्ट्रीय स्तर पर कोई भविष्य नहीं है।

**SYED ZAKI HAIDER**
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## हमारा लोकतंत्र पाताल तक पहुंचा, राज्यसभा में : अमित शाह

## बोले- देश की जनता ने किया अनेक तानाशाहों का अभिमान चूर-चूर




**नूना न्यूज एजेंसी।**

**नई दिल्ली।** सरकार ने लोकसभा में वन नेशन वन इलेक्शन बिल पेश किया। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दो विधेयक पेश किए। इनमें संविधान (एक सौ उनतीसवां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक शामिल हैं। बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने लोकसभा में सभी सांसदों को तीन लाइन का व्हिप जारी किया था। वहीं, राज्यसभा में संविधान पर चर्चा जारी रही। राज्यसभा में संविधान पर चर्चा का गृह मंत्री अमित शाह ने जवाब दिया। अमित शाह ने कहा कि पास पड़ोस में दुनियाभर में कई लोग आजाद हुए। वहां नई शुरूआत की। लेकिन वहां आकस्मात हुए लोकतंत्र सफल नहीं हुआ। हमारा लोकतंत्र आज पाताल तक गहरा पहुंचा है। अनेक परिवर्तन रक्त की एक बूंद बहाए बगैर हमने किए हैं। विचारधारा के आधार पर भी परिवर्तन किए हैं। अनेक तानाशाहों के घुमान, अभिमान और अहंकार को चूड़ चूड़ करने का काम इस देश की जनता ने किया है। अमित शाह ने कहा कि जो कहते थे कि हम आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाएंगे उनको भी हमारी जनता ने और संविधान की खूबसूरती ने जवाब दिया है। हम दुनिया का पांचवा अर्थतंत्र बनकर सम्मान के साथ हैं। जिन्होंने सालों तक हमपर राज किया है। आज ब्रिटेन भी अर्थतंत्र की तालिका में हमारे पीछे खड़ा है। ये हम सब के लिए गौरव लेने का पल है। ये सदन अपने 80 से ज्यादा सांसदों को बोलने का मौका दिया 31 घंटे की बहस हुई है। आज हम जिस मुकाम पर खड़े हैं उस मुकाम पर महर्षि अरविंद और स्वामी विवेकानंद की वो भविष्यवाणी सच होती दिखा रही है। भारत माता मान ओजस्वी स्वरूप से खड़ी होगी दुनिया की आंखें चकाचौंध हो जाएगी। वो दिन नजदीक है।

## संभल में बिजली चोरी पर योगी सरकार का बड़ा एक्शन

### सपा सांसद के घर पर भी लगाया बिजली का मीटर

**नूना न्यूज एजेंसी।**

**संभल।** पिछले तीन महीनों में संभल जिले में उत्तर प्रदेश पुलिस ने बिजली चोरी से संबंधित 1,250 एफआईआर दर्ज की हैं, जिसमें 5.2 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। पिछले दो दिनों में, अधिकारियों ने बिजली चोरी के मामलों में 90 एफआईआर दर्ज कीं, जिनमें चार मस्जिदों और एक मदरसे के मामले शामिल थे। इस अवधि के दौरान लगाया गया कुल जुमार्ना लगभग 1.75 करोड़ रुपये था। संभल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर पर बिजली विभाग की टीम भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंची है। दरअसल उनके घर पर बिजली का मीटर नहीं लगा था, जिसके बाद अब उनके घर पर बिजली का मीटर लगाया गया है।

#### >> मस्जिदों और मदरसों से बिजली चोरी

इससे पहले, संभल की मस्जिदों, मदरसों और आवासीय इलाकों में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी का खुलासा हुआ था, जिसके बाद अधिकारियों ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी थी। संभल सदर के नखासा और दीपासराय इलाके में जिलाधिकारी (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने सुबह 5 बजे छापेमारी की. कार्रवाई के दौरान एक मस्जिद से बिजली चोरी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद हुए। छापेमारी के बाद डीएम डॉ. राजेंद्र पेंसिया ने कहा था कि बिजली चोरी के खिलाफ ऐसा अभियान चलाया जायेगा और एक भी घर में बिजली चोरी नहीं होने पायेगी. डीएम ने कहा था, "करीब 150-200 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई है. मस्जिदों, मदरसों और घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई है. बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी और उनसे वसूली भी की जाएगी। डीएम ने कहा था कि वह सुबह पांच बजे लाउडस्पीकर चेक करने आये थे। उन्होंने देखा कि इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध कनेक्शन है. "जांच के दौरान बड़े पैमाने पर बिजली चोरी का पता चला। हमने इसके आसपास के लगभग 150-200 घरों और 5-6 मस्जिदों की जांच की है। बिजली चोरी का पता चला है। प्रशासन को एक घर से बड़ी मात्रा में बिजली के तार और अन्य उपकरण मिले हैं। इससे मस्जिद के आसपास के क्षेत्र में बिजली चोरी की जा रही थी।

इस बीच, नगर हिंदू सभा के संरक्षक विष्णु शरण रस्तोगी के अनुसार, संभल के खग्गू सराय इलाके में एक भगवान शिव मंदिर, जो कथित तौर पर 1978 से बंद था, हाल ही में फिर से खोल दिया गया। एडिशनल एसपी श्रीश चंद्र ने कहा कि चेकिंग के दौरान पता चला कि कुछ लोगों ने मकान बनाकर मंदिर पर कब्जा कर लिया है...मंदिर की साफ-सफाई करा दी गई है और जिन लोगों ने मंदिर पर कब्जा किया है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी...वहां पर मूर्तियां हैं।" मंदिर में भगवान शिव और भगवान हनुमान...इस क्षेत्र में हिंदू परिवार रहते थे और कुछ कारणों से उन्होंने यह क्षेत्र छोड़ दिया...मंदिर के पास एक प्राचीन कुएं के बारे में भी जानकारी है।

# संभल में कोई मंदिर नहीं मिला, बीजेपी ने छीन ली शांति



## बयानों पर घिरे सपा के प्रदेश अध्यक्ष

**नूना न्यूज एजेंसी।**

**संभल।** उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख श्याम लाल पाल मंगलवार को यह कहकर विवादों में आ गए कि राज्य के संभल जिले में कोई मंदिर नहीं मिला। पाल का यह विवादास्पद बयान स्थानीय प्रशासन द्वारा संभल में 1978 से बंद पड़े एक मंदिर को फिर से खोलने के कुछ दिनों बाद आया है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, दोबारा खुलने के बाद भस्म शंकर मंदिर के पास एक कुएं की खुदाई के दौरान लगभग चार से छह इंच की तीन मूर्तियां मिलीं। विशेष रूप से, स्थानीय लोगों ने दावा किया कि 1978 में सांप्रदायिक दंगों के बाद स्थानीय हिंदू समुदाय के विस्थापन के बाद से मंदिर पर ताला लगा हुआ था। मंदिर को दोबारा खोलने के बारे में बात करते हुए पाल ने कहा कि कहीं कोई मंदिर नहीं मिला है, खुदाई में जाकर देखिए. उन्होंने कहा कि 'कोई मंदिर नहीं मिला। अयोध्या मामले को छोड़कर सभी धार्मिक स्थल वैसे ही हैं...हमें भाईचारे के साथ रहना चाहिए। भाजपा ने लोगों की शांति छीन ली है। पाल ने यह भी कहा कि भारत में न तो हिंदू खतरे में हैं और न ही मुसलमान, बल्कि देश में "पिछड़े समुदाय" के लोग खतरे में हैं। अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि संभल में भस्म शंकर मंदिर के कुएं के अंदर तीन क्षतिग्रस्त मूर्तियां पाई गईं, जिसे 46 साल तक बंद रहने के बाद पिछले हफ्ते फिर से खोला गया था। श्री कार्तिक महादेव मंदिर (भस्म शंकर मंदिर) को 13 दिसंबर को फिर से खोल दिया गया था, जब अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान उनकी नजर ढकी हुई संरचना पर पड़ी। मंदिर में भगवान हनुमान की एक मूर्ति और एक शिवलिंग था। यह 1978 से बंद पड़ा हुआ था। मंदिर के पास एक कुआं भी है जिसे अधिकारियों ने फिर से खोलने की योजना बनाई थी। संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने संवाददाताओं को बताया कि प्राचीन मंदिर और कुएं की खुदाई की जा रही है। करीब 10 से 12 फीट तक खुदाई हो चुकी है। इस दौरान आज सबसे पहले पार्वती की एक मूर्ति मिली जिसका सिर टूटा हुआ था। फिर गणेश और लक्ष्मी की मूर्तियाँ मिलीं। यह पूछे जाने पर कि क्या मूर्तियों को क्षतिग्रस्त किया गया और फिर अंदर रख दिया गया, पेंसिया ने कहा, 'यह सब जांच का विषय है।' मंदिर के आसपास अतिक्रमण के सवाल पर जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि कुछ लोगों ने खुद ही अतिक्रमण हटा लिया है जबकि अन्य से अतिक्रमण हटाने का अनुरोध किया गया है।

## कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने को तैयार हूं : नाना पटोले

**नूना न्यूज एजेंसी।**

**नागपुर।** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि उन्होंने पद से इस्तीफा देने की इच्छा व्यक्त की है और अब पार्टी आलाकमान इस पर फैसला करेगा। विधान भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान पटोले ने कहा कि राज्य विधानसभा में कांग्रेस के विधायक दल का नेता आज चुना जाएगा। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में पार्टी की अब तक की सबसे बुरी हार के बाद पार्टी सूत्रों ने पहले दावा किया था कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने केंद्रीय नेतृत्व से संगठनात्मक पद की जिम्मेदारी से मुक्त करने का अनुरोध किया था। हालांकि, पटोले ने पिछले हफ्ते स्पष्ट किया था कि उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया है और अफवाहें फैलाई जा रही हैं। पटोले ने कहा कि कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रभारी मंगलवार शाम को शहर पहुंचेंगे और राज्य विधानसभा में पार्टी नेता का चुनाव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पद के बारे में भी चर्चा होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने कांग्रेस के राज्य प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया है, पटोले ने कहा, मैंने अपनी इच्छा व्यक्त की है। पार्टी आलाकमान इस पर फैसला करेगा।



## सीएम फडणवीस से उद्धव ठाकरे की मुलाकात ने बढ़ाया राज्य का सियासी पारा

### >> फडणवीस से मुलाकात के बाद क्या बोले आदित्य

सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात के बाद शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि आज हमारे पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सीएम देवेंद्र फडणवीस और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार के लिए काम करते समय, दोनों (सत्तारूढ़ पार्टी और विपक्ष) को देश और राज्य के हित के लिए एक साथ काम करने के लिए राजनीतिक परिपक्वता दिखानी चाहिए। इसके साथ ही आदित्य ठाकरे ने ये भी कहा कि मुलाकात के दौरान विपक्ष के नेता के पद पर कोई चर्चा नहीं हुई।



**नूना न्यूज एजेंसी।**

**महाराष्ट्र।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को नागपुर में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। इस मुलाकात ने अब सियासी पारा बढ़ा दिया है। राज्य विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने कहा कि उन्हें महाराष्ट्र विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष के संबंध में कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।

उन्होंने आगे कहा, 'उद्धव ठाकरे शिवसेना (यूबीटी) के समूह के नेता हैं और स्वाभाविक है जब मेहमान आते हैं तो मेहमान नवाजी करते ही हैं। इसमें बुरी क्या बात है। यह तो अच्छी बात है। समूह के कई नेताओं ने स्पीकर से मुलाकात की है और उसी क्रम में उन्होंने स्पीकर के कार्यालय का दौरा भी किया है। मुझे (महाराष्ट्र विधानसभा के विपक्ष के नेता के संबंध में) कोई प्रस्ताव नहीं मिला है और यदि मेरे सामने कोई प्रस्ताव रखा जाता है, तो मैं राज्य विधानसभा के नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार उस पर विचार करूंगा।

#### >> मुलाकात के बाद बोले महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख

शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे की सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात पर महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि देवेंद्र फडणवीस सीएम हैं, हम भी उनसे मिलते हैं और अब वह (उद्धव ठाकरे) उनसे मिले हैं, इसमें क्या मुद्दा है? बता दें कि 15वीं विधानसभा में विपक्ष का नेता नहीं है क्योंकि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) की तीनों पार्टियां 20 नवंबर को हुए चुनाव में 10 प्रतिशत सीटें नहीं जीत पाईं। शिवसेना (यूबीटी) को 20, कांग्रेस को 16 और एनसीपी (एसपी) को 10 सीटें मिलीं। गौरतलब है कि भाजपा, शिवसेना और एनसीपी के महायुति गठबंधन ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 288 में से 230 सीटें जीतीं, जबकि विपक्षी महा विकास अघाड़ी केवल 46 सीटों पर सिमट गया।

# राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सभागार में मुस्लिम समस्याओं से संबंधित मीटिंग का आयोजन



**दिल्ली।** 17 दिसम्बर 2024 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सोजन्य से आयोग के सभागार में मुस्लिम समस्यों से सम्बंधित मीटिंग आयोजित हुई जिसमें मुस्लिम समुदाय के धार्मिक, सामाजिक और षिक्षित व्यक्ति उपस्थित हुए। आयोग के चैयरमेन इकबाल सिंह लालपुरा ने मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा आज की मीटिंग का उद्देष्य यह है गत दिनों यूपी के संभल में षाही जामा मस्जिद के सर्वे के सम्बंध में जो घटना घटित हुई वो नहीं होनी चाहिए थी सर्वे की आड़ में पुलिस प्रषासन और जनता के बीच जो हिंसक घटना हुई उसमें कुछ असमाजिक तत्व भी षामिल थे जिसमे 5 मुस्लिम बेगुनाह युवकों की मौत हुई जो निंदनीय है। आयोग ने इस घटना के आरोपियों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही कराने के लिए यूपी सरकार के मुख्य सचिव को नोटिस जारी किया। इसके अलावा उन्होंने कहा भारत सबका देष है जिसमें हिन्दू मुस्लिम सदियों से मिलजुल कर रहते आए हैं और भविष्य में भी रहते रहेंगे कुछ असमाजिक तत्व हिंदू मुस्लिम का झगड़ा कराकर देष की गंगा जमनी संस्कृती को समाप्त करना चाहते हैं जो हरगिज कभी नहीं होगी। एडवोकेट सनोबर अली कुरैषी, डा. आमिर सलमान, आर.आई. खान, डा. मो. एजाज इन सभी वयक्तियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा इस समय देष में जो नफरत का माहौल चल रहा है विषेषकर मुस्लिम धार्मिक स्थल मस्जिद, मदरसा, दरगाह, खानकाह्र को मंदिर की आड में ध्वस्त करना चाहते हैं इन सब समस्याओं पर आयोग सरकार से बात करे ताकि देष में षांती रहे। काऱी अब्दुल समी, मौलाना अरषद नदवी, मौलाना जावोद काऱसमी, मुफती नसीम ने चेयरमेन इकबाल सिंह लालपुरा से आग्रह करते हुए कहा एक मुस्लिम प्रतिनिधी मंडल आपके नेतृत्व में केन्द्रीय अल्पसंख्यक मंत्री, गृह मंत्री और प्रधानमंत्री से आयोग के सौजन्य से भेंट करना चाहता है क्योंकि गत दिनों से देष के हालात सौहार्दपूर्ण नहीं चल रहे हैं इसके लिए मुस्लिम प्रतिनिधी मंडल सरकार से बात करके कोई रास्ता निकालना चाहता है। चेयरमेन इकबाल सिंह लालपुरा ने विष्वास दिलाते हुए कहा षीर्घ ही इसके लिए सरकार से बात की जाएगी। इस अवसर पर आयोग की एडवायजरी पेनल के सदस्य मो. रियाज की टीम के 20 सदस्यो को आयोग के साथ मिलकर जनसेवा और भाईचारा मजबूत करने पर आयोग के सोजन्य से प्रषस्ती पत्र से सम्मानित किया गया जिनके नाम इस प्रकार हैंः काऱी अब्दुल समी, मौलाना अरषद नदवी, मौलाना जावेद काऱसमी, हाफिज मो. मुजम्मिल, एडवोकेट सनोबर अली कुरेषी, आर. आई. खान, अनीस फातिमा, मजाहिर रजा डा. आमिर सलमान, डा. मो. एजाज, डा. एस.एम कामरान, मो. नासिर, एडवोकेट मो. जाहिद, तारिक परवेज, हफीजुर्रहमान, मुषर्रफ अली, हषकील हैदर, षाहिद रंगरेज, आषकीन कुरैषी इत्यादी।



ढलती सांझ... दिल्ली की ढलती सांझ, सूरज क्षितिज में छिपने को तैयार है। दिनभर की भागमभाग के बाद लोग भी अपने-अपने आशियाने की ओर जाते हुए। तस्वीर दिल्ली के दिल कनॉट प्लेस की है।
फोटोः भूपिंदर सिंह

## ----कविता----

पाठ कौमी एकता के इस तरह हमने रटे।
*शाम को तलवार ले मैदान में हम आ डटे।
*धर्मग्रंथों से सबक हमने लिए कुछ इस तरह।
*आयतें रोने लगीं औ रामायण के पन्ने फटे।।
*जो नदी सबके लिये निःस्वार्थ बहती है यहाँ।
*फिक्र उनको इसका पानी किस तरह आखिर बंटे।।
*ताज गर है प्यार की सौगात तो फिर दोस्तों।
*इसके पूरे होते क्यूँ फनकार के पंजे कटे।।
*दो कदम जब तुम बढे तो दस कदम हम भी बढे।
*दो कदम जब तुम हटे तो दस कदम हम भी हटे।।
जंगलों में रहके भी हम एक रहते थे 'निडर'।
*शहर आकर हम न जाने कितने हिस्सों में बंटे।।
**अशोक सोनी निडर**

# वरुण धवन ने दिल्ली में किया 'बेबी जॉन' का प्रमोशन



**दिल्ली।** हाल ही में वरुण धवन अपनी आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' के प्रमोशन के सिलसिले में दिल्ली पहुंचे थे। यहां के द इंपीरियल होटल में प्रमोशनल कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कलीज द्वारा निर्देशित यह फिल्म 25 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म का ट्रेलर 'बेबी जॉन' की दुनिया की झलक दिखाता है, जो एक्शन, मनोरंजन, हास्य और थिरकने वाले ट्रैक का एक बेहतरीन संयोजन है। दिग्गज एस. थमन का संगीत और बैकग्राउंड स्कोर ट्रेलर को एक अलग ही स्तर पर ले जाता है, जिससे दर्शक और अधिक देखने के लिए उत्सुक हो जाते हैं। अपनी इस फिल्म के बारे में वरुण धवन ने कहा, ''बेबी जॉन' का हिस्सा बनकर मैं बेहद रोमांचित हूं। यह फिल्म एक गहरी भावनात्मक और शक्तिशाली यात्रा है और इस विशेष किरदार को जीवंत करना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। ट्रेलर इस कहानी की तीव्रता और दिल की एक झलक मात्र है और मैं दर्शकों द्वारा इसे बड़े पर्दे पर देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।' वरुण ने आगे कहा, 'इस प्रोजेक्ट पर काम करना वाकई खास अनुभव रहा है और मैं इस अनुभव को सभी के साथ साझा करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मुराद खेतानी, प्रिया एटली और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित, 'बेबी जॉन' एक बड़ा सिनेमाई ड्रामा है, जिसे आप मिस करने की गलती नहीं कर सकते।

# अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव ने रचा इतिहास, बना विश्व रिकॉर्ड

नई दिल्ली, दिसम्बर : मध्य प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव ने एक ही समय पर सबसे बड़े हिंदू ग्रंथ पठन के लिए गिनीज विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। यह आयोजन भगवद्गीता की अजरामर शिक्षाओं के प्रसार और राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक मंच पर स्थापित करने के उद्देश्य से किया गया। इस ऐतिहासिक पहल का नेतृत्व प्रसिद्ध आयोजन सलाहकार निश्चल बरोट ने किया। उनके सटीक समन्वयन और नेतृत्व के चलते यह चुनौतीपूर्ण आयोजन सफलता पूर्वक क्रियान्वित हुआ। इस आयोजन ने न केवल मध्य प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई, बल्कि राज्य की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को भी नए आयाम दिए। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में 3,721 सहभागियों ने एक साथ भगवद्गीता के श्लोकों का सामूहिक पठन किया। इस समारोह में विभिन्न पृष्ठभूमियों के लोग सम्मिलित हुए और भारत की आध्यात्मिक परंपरा के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की।

# बहरीन के सम्राट शाह ने डॉ. रवि पिल्लई को पदक से नवाजा

**ऐजेन्सी**

**बहरीन** झ17 दिसंबर 2024 झ बहरीन के सम्राट शाह हमद बिन ईसा अल खलीफा ने डॉ. रवि पिल्लई को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए "कुशलता का पदक (प्रथम श्रेणी)" से सम्मानित किया है। यह सम्मान बहरीन के राष्ट्रीय विकास और प्रगति में उनके योगदान की सराहना में दिया गया। इस रॉयल आदेश संख्या 52 के तहत यह पदक 16 दिसंबर 2024 को दिया गया। डॉ. पिल्लई, जो RP समूह के अध्यक्ष हैं, इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाले पहले विदेशी व्यापारी हैं। इस सम्मान का उद्देश्य डॉ. पिल्लई की बहरीन में रिफाइनरी संचालन, स्थानीय समुदाय विकास, और बहरीन की वैश्विक स्थिति को सुदृढ़ करने में उनकी विशेष भूमिका को मान्यता देना है। डॉ. पिल्लई के प्रयासों ने बहरीन के विभिन्न क्षेत्रों में विकास को गति दी है।रॉयल घोषणा में शाह हमद बिन ईसा अल खलीफा ने कहा, "हम डॉ. रवि पिल्लई की असाधारण सेवा और उनके योगदान के लिए आभारी हैं और उन्हें इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित करना हमारे लिए गर्व की बात है। डॉ. पिल्लई ने इस सम्मान को प्राप्त करते हुए अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा, यह सम्मान मुझे और मेरी टीम के प्रयासों का परिणाम है। मैं इसे बहरीन और इसके लोगों को समर्पित करता हूं। इसके साथ ही, उन्होंने अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों का आभार व्यक्त किया, जिनकी मेहनत और समर्पण ने इन सभी उपलब्धियों में अहम भूमिका निभाई।



# मार्स वैटरिनरी हैल्थ ने भारत के पशु चिकित्सा क्षेत्र में अल्पसंख्यक निवेश के जरिए कदम रखा

नई दिल्ली, दिसंबर : क्राउन वैटरिनरी सर्विसेज ने घोषणा की कि मार्स वैटरिनरी हैल्थ ने भारत के पशु चिकित्सा क्षेत्र में अल्पसंख्यक निवेश के जरिए कदम रखा है। पालतू जानवरों की देखभाल में 90 वर्षों के अनुभव और 30 वर्षों की पशु चिकित्सा विशेषज्ञता के साथ, मार्स वेटरिनरी हेल्थ का यह सहयोग भारत में पशु चिकित्सा सेवाओं को नई ऊंचाई पर ले जाएगा। मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे के आठ क्लीनिकों के साथ, क्राउन वेट अपनी उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं के लिए जाना जाता है।

इस निवेश के तहत क्राउन वेट अपने नेटवर्क का विस्तार करेगा और 240 कर्मचारियों, जिनमें 60 पशु चिकित्सक शामिल हैं, के लिए उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करेगा।

# विजय दिवस तस्वीर प्रदर्शित की मांग

नई दिल्ली, दिसंबर : भारत की ऐतिहासिक जीत और बंगलादेश की मुक्ति के विजय दिवस के अवसर पर डॉ. विक्रमजीत सिंह साहनी ने मांग की कि 16 दिसंबर 1971 को लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के समक्ष जनरल नियाजी के आत्मसमर्पण को दशार्ने वाली ऐतिहासिक तस्वीर को नए संसद भवन की गैलरी में प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

## भारतीय सेना का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान : यूथ कांग्रेस



नई दिल्ली, दिसंबर : भारतीय युवा कांग्रेस ने आज सेना मुख्यालय से विजय दिवस 1971 की जीत की प्रतीक तस्वीर को उतारे जाने को लेके विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि 1971 का युद्ध भारतीय सेना की सबसे बड़ी जीत है, लेकिन आज इस जीत से जुड़ी एक यादगार तस्वीर को सेना मुख्यालय से उतार दिया गया, क्या नरेंद्र मोदी से पाकिस्तान की हार देखी नहीं जा रही है?, उन्होंने यह भी कहा कि विजय दिवस पर देश के वीर जवानों और पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी को नमन करना चाहते है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन श्रीमती इंदिरा गांधी के दृढ़ नेतृत्व के साथ देश ये लड़ाई लड़ी और जीत हासिल की, 1971 में इंदिरा गांधी जी के नेतृत्व और जवानों के पराक्रम ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे। 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों ने हिंदुस्तानी सैनिकों के आगे हथियार डाल दिए थे, लेकिन आज विजय दिवस के दिन इस जीत से जुड़ी एक यादगार तस्वीर को सेना मुख्यालय से उतार दिया गया, यह अत्यंत ही गंभीर विषय है और आखिर ये क्यों किया गया, आज देश की जनता यह जानना चाहती है।

# दिल्ली कांग्रेस हर विधानसभा सत्र में केग रिपोर्ट को पटल पर रखने की मांग करती आई है : देवेन्द्र यादव

नई दिल्ली, दिसंबर : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना द्वारा 14 लंबित केग रिपोटों को दिल्ली विधानसभा के पटल पर रखने के संबध में बिना समय खराब किए तुरंत विशेष सत्र बुलाने के लिए मुख्यमंत्री आतिशी को संवैधानिक अधिकार के तहत लिखे पत्र का स्वागत किया और कहा कि दिल्ली कांग्रेस शुरू हर बार विधानसभा सत्र में केग रिपोर्ट को पटल पर रखने की मांग करती रही है। यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार के 14 विभागों की केग रिपोर्ट में शराब घोटाले से संबधित रिपोर्ट है, जिनके विधानसभा के पटल पर आने से अरविन्द केजरीवाल के मुख्यमंत्रीत्व के दौरान दिल्ली सरकार में हुए भ्रष्टाचार और कुशासन की रिपोर्ट दिल्लीवालों के समक्ष सार्वजनिक होगी। देवेन्द्र यादव ने कहा कि सभी 14 रिपोर्टे जिनमें दिल्ली में शराब के विनियमन और आपूर्ति पर प्रदर्शन ऑडिट, दिल्ली में वाहन वायु प्रदूषण की रोकथाम और शमन पर प्रदर्शन ऑडिट, सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना और स्वास्थ्य सेवाओं का प्रबंधन, कार्यप्रणाली पर प्रदर्शन ऑडिट रिपोर्ट अरविन्द केजरीवाल के मुख्यमंत्री के समय की है और दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी), सरकार के राजस्व, व्यय और वित्तीय लेखा परीक्षा आदि केग रिपोर्ट पेंडिंग है, जो जनता के सामने आनी चाहिए है।

# राष्ट्रीय जलमार्गों के लिए जलवाहक योजना का अनावरण, कार्गो परिवहन को मिली नई दिशा

नई दिल्ली, दिसम्बर : केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने राष्ट्रीय जलमार्ग 1 (गंगा नदी), राष्ट्रीय जलमार्ग 2 (ब्रह्मपुत्र नदी), और राष्ट्रीय जलमार्ग 16 (बराक नदी) के माध्यम से कार्गो परिवहन को प्रोत्साहित करने के लिए एक नई नीति ह्यजलवाहक योजनाह्न का अनावरण किया। यह योजना कार्गो परिवहन के लिए जलमार्गों को एक कुशल, आर्थिक और पर्यावरणीय रूप से अनुकूल विकल्प के रूप में बढ़ावा देने का प्रयास है। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने जीआर जेट्टी से तीन प्रमुख जहाजों एमवी त्रिशूल, एमवी एएआई और एमवी होमी भाभा के साथ दो डंब बार्ज अजय और दीखू को हरी झंडी दिखाई। इन जहाजों ने कोलकाता से गुवाहाटी, पटना और वाराणसी तक अपनी निर्धारित कार्गो यात्रा शुरू की। एमवी त्रिशूल 15 सौ टन सीमेंट लेकर गुवाहाटी के पांडु जा रहा है, एमवी एएआई एक हजार टन जिप्सम पटना ले जा रहा है, और एमवी होमी भाभा दो सौ टन कोयला वाराणसी पहुंचाएगा। सबार्नंद सोनोवाल ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जलमार्गों को सशक्त बनाकर परिवहन के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाया जा रहा है।

# कर्ण कायस्थ महासभा के द्विदिवसीय 'कर्णकुम्भ-तृतीय' का समापन




**नई दिल्ली।** कर्ण कायस्थ समाज परंपरा एवं आधुनिकता में समन्वय करते हुए स्वयं को समर्थ बनाते हुए राष्ट्र को सशक्त बनाए, इस आह्वान के साथ कर्णकुंभ-तृतीय का रविवार को समापन हो गया। इस द्विदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब में किया गया था। दूसरे दिन के प्रथम सत्र का विषय था– कला क्षेत्र एवं कर्ण कायस्थ। इस सत्र की अध्यक्षता इतिहासकार भैरब लाल दास ने की एवं संचालन बिभा लाल ने किया। वक्ता थे– चित्रकार रवीन्द्र दास, लेखिका चंदना दत्त, तकनीकी विशेषज्ञ विजय बाबू एवं संपादक मुकेश दत्त। दूसरे सत्र का विषय था– प्रवासी कर्ण कायस्थ : समस्या एवं समाधान। इस सत्र की अध्यक्षता कुमार कनक किशोर ने की एवं संचालन केके कर्ण ने किया। वक्ता थे– शिवभूषण लाल, जीवेन्दु प्रसाद कर्ण, मदन चौधरी एवं अमर कुमार दास। तीसरे सत्र में कोहबर पर केंद्रित मिथिला चित्रकला के बारे में निभा लाभ एवं अलका दास ने अपने विचार रखे। कर्णकुंभ में बिहार सरकार से बापू मंडप में दांडी यात्री कारोबाबू तथा मैथिली दधीचि भोलालाल दास की प्रतिमाएं लगाने को लेकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ। कर्ण कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीएमएल दास ने यह प्रस्ताव रखा, जिसका अनुमोदन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा एवं राष्ट्रीय महासचिव आशीष नीरज ने किया। इस कार्यक्रम में कर्ण कायस्थ समाज के आधारस्तंभ गोपेश्वर लाल दास (राजनीति), अश्विनी कुमार दास (समाजसेवा), ध्रुव नारायण लाल (शिक्षा), मिथिला चौधरी (राजनीति) एवं शम्भू सौरभ (गीतकार) को कर्णश्री सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, राजीव रंजन दास (चिकित्सा), संजय लाभ (चिकित्सा), प्रबुद्ध सौरभ (साहित्य), प्रकाश चंद्रा (शिपिंग), नवीन चंद्रा (माइनिंग), राजीव कुमार कंठ (शिक्षा), मनीष रित्विक (सॉफ्टवेयर), संतोष कुमार कर्ण (फिजिक्स), ज्योति सिन्हा (मिथिला चित्रकला) एवं आशा दास (क्रिकेट कोच) को कर्ण अचीवर सम्मान से सम्मानित किया गया। साहित्यिक सत्र में केकेएम के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आनंद दास के संयोजन में युवा कवि प्रबुद्ध सौरभ ने काव्य पाठ कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक सत्र में केकेएम की राष्ट्रीय सचिव इरा मल्लिक के संयोजन में विभिन्न मांगलिक अवसरों पर गाए जाने वाले मैथिली पारंपरिक गीतों की सामूहिक प्रस्तुति हुई। रंजीत लाल एवं हिमांशु कर्ण के संचालन एवं विशाखा प्रसून के संयोजन में मिथिला चित्रकला से सज्जित परिधान पहनकर महिलाओं ने रैम्पवाक कर समा बांध दिया। कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष विकास लाल के संयोजन में बॉलीवुड गायिका स्तुति सिन्हा ने मैथिली एवं हिंदी में गीत गाकर श्रोताओं को आनंदित कर दिया। केकेएम दिल्ली प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष अनिल दास ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# द सॉवरेन स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिक दिवस उत्सव




वार्षिक दिवस उत्सव में न्यायमूर्तियों की गरिमामयी उपस्थिति।

नई दिल्ली, दिसम्बर : दिल्ली के रोहिणी में स्थित प्रसिद्ध विद्यालय द सॉवरेन स्कूल ने अपने वार्षिक दिवस उत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया। इस भव्य कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्री-स्कूल से कक्षा बारहवीं तक के छात्रों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और शंखनाद के साथ हुआ। यह पूरा कार्यक्रम विभिन्न महत्वपूर्ण वैश्विक विषयों जैसे पृथ्वी पर जीवन, लैंगिक समानता, स्वास्थ्य, कल्याण, और जलवायु कार्रवाई पर आधारित था। छात्रों ने ऑर्केस्ट्रा, वोकल म्यूज़िक, और थीमेटिक बैले पर आधारित शानदार प्रस्तुति भी दी। इसके अलावा जुम्बा, योग और यूवी लाइट एक्ट जैसी प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पद्म डॉ. महेश वर्मा, कुलपति, जीजीएस आईपी विश्वविद्यालय, दिल्ली ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। साथ ही न्यायमूर्ति विजेंदर जैन (पंजाब एवं हरियाणा और दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश), न्यायमूर्ति डॉ. सुधीर जैन, न्यायमूर्ति मनमोहन शर्मा और न्यायमूर्ति मनीष खुराना ने भी इस अवसर पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस वार्षिक उत्सव में प्रतिभाशाली छात्रों को उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए सम्मानित भी किया गया और साथ ही स्कूल की प्रिंसिपल प्रीतिका गुप्ता ने इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। द सॉवरेन स्कूल के चेयरमैन राम निवास जिंदल ने वार्षिक दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, हमारा स्कूल एक विशाल परिवार की तरह है और हम इस आयोजन को लेकर बहुत उत्साहित हैं। हमारा उद्देश्य छात्रों को समग्र शिक्षा और वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करना है ताकि वे जिम्मेदार और बुद्धिमान नागरिक बन सकें।

# दिल्ली में GRAP IV के निर्देश हुए लागू, इन कामों पर लगाई गई रोक

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक तरफ वायु प्रदूषण बढ़ रहा है वहीं तापमान में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। केंद्र सरकार के समीर ऐप के मुताबिक राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक का स्तर दिल्ली में मंगलवार को 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज हुआ। वायु गुणवत्ता सूचकांक दिल्ली में सुबह आठ बजे 421 पर बना हुआ था। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के अन्य शहरों का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) भी बेहतर नहीं है। ग्रेटर नोएडा में एक्यूआई 398 दर्ज किया गया, जबकि नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम में क्रमशः 382, 380 और 356 दर्ज किया गया। फरीदाबाद (258) में इस क्षेत्र में सबसे अच्छी वायु गुणवत्ता रही।वायु की खराब होती गुणवत्ता को देखते हुए, केंद्र सरकार के वायु गुणवत्ता प्रबंधन केंद्र (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड एक्शन रिस्पांस प्लान (जीआरएपी) के चरण 4 के तहत पूरे एनसीआर में प्रदूषण विरोधी प्रतिबंध पुनः लागू कर दिए हैं, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं। सोमवार को रात 9 बजे दिल्ली का एक्यूआई 399 तक पहुंच गया था, और रात 10 बजे तक 400 का आंकड़ा पार कर गया, जिसके कारण सीएक्यूएम की एक आपातकालीन बैठक बुलाई गई, जहां अधिकारियों ने जीआरएपी के चरण 4 के तहत प्रतिबंधों को वापस लाने का निर्णय लिया। 5 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट ने एनसीआर के एक्यूआई स्तर में सुधार के मद्देनजर सीएक्यूएम को स्टेज 4 के प्रतिबंधों को स्टेज 2 तक शिथिल करने की अनुमति दी थी। जीआरएपी 4 प्रतिबंधों में सभी निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध, दिल्ली में गैर-जरूरी सामान ले जाने वाले प्रदूषणकारी ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध और दसवीं और बारहवीं कक्षाओं को छोड़कर स्कूल कक्षाओं को हाइब्रिड मोड में अनिवार्य रूप से स्थानांतरित करना शामिल है।

# पंजाब में जन्मी पर यूपी की बहू बनी, ससुराल में मिली हार पर दिल्ली ने सिर आंखों पर बिठाया

**दिल्ली।** की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित उत्तर प्रदेश की एक ऐसी बहू हैं जिन्होंने दिल्ली में 15 साल तक मुख्यमंत्री पद को संभाला और राजधानी की तस्वीर बदल दी। उन्होंने यूपी की बहू के रूप में उन्होंने पूरे यूपी का खूब नाम किया। शीला दीक्षित पंजाब के कपूरथला में 1938 के 31 मार्च को पैदा हुई थीं। समाज के तथाकथित उच्च ब्राह्मण वर्ग से ताल्लुक रखने वाली शीला दीक्षित ने शिक्षा से लेकर राजनीति तक अपनी पूरी पृष्ठभूमि दिल्ली से ही बनाई। पहले दिल्ली के कॉन्वेंट ऑफ जीसस एंड मैरी स्कूल से और फिर दिल्ली यूनिवर्सिटी के मिरांडा हाउस कॉलेज से अपनी पढ़ाई पूरी। फिर ऐसा भी वक्त आया जह शीला दीक्षित ने सीएम बनकर पूरी दिल्ली को संभाला है। शीला दीक्षित का राजनैतिक करियर सफल रहा लेकिन उनका यह करियर जितना सफल रहा उससे ज्यादा मुश्किल भरा रहा।

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष सहित कार्यकताओं को पुलिस ने किया नजर बंद

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर।** सोमवार की देर रात कांग्रेस जिला अध्यक्ष के आवास पर पुलिस ने पहरा बैठा कर लखनऊ विधानसभा का घेराव करने की तैयारी कर रहे कार्यकताओं को नजर बंद कर दिया बता ते चले कि कांग्रेस द्वारा 18 दिसंबर को लखनऊ में विधानसभा का घेराव करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसकी तैयारी के चलते कांग्रेस कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह कटारिया के आवास पर से मंगलवार की सुबह जाने की तैयारी सोमवार की रात ही कर रहे थे, लेकिन थाना सैद नंगली पुलिस ने रात्रि 2 बजे कांग्रेस के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह कटारिया के आवास पर पहुंचकर उन्हें वह अन्य कार्यकताओं को नजर बंद कर दिया और लखनऊ जाने नहीं दिया, इस संबंध में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह कटारिया ने बताया कि ये संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है भाजपा की सरकार लोकतंत्र और संविधान की हत्या कर रही है, पुलिस द्वारा उन्हें नजर बंद करना निजता और स्वतंत्रता का उल्लंघन है उन्होंने कहा कि भाजपा के कुशासन के खिलाफ और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए विधानसभा का घेराव करना चाहते थे, लेकिन सरकार ने हमें नजर बंद कर-के लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज को उठाने से रोका है, उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है अपराधी वेखोफ होकर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं, साथ ही उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बढ़ोतरी हुई है, भाजपा सरकार बिजली का निजीकरण कर रही है, तथा सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए गन्ने का रेट 500 /प्रति कुंतल घोषित किए जाने की मांग की है, इस दौरान सैद नंगली के नगर अध्यक्ष राजपाल सैनी, दीपक जाटव वह अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्र सेवी संगठन ने चलाया सदस्यता अभियान

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर।** मंगलवार को राष्ट्र सेवी संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने गांव गांव जाकर सदस्यता अभियान चलाया। साथ ही सदस्यों को राष्ट्र एवं समाज हित में कार्य करने का संकल्प दिलाया। कहा कि राष्ट्र सेवी संगठन का उद्देश्य जनता के उत्पीड़न, शोषण, एवं भ्रष्टाचार के मामले के विरुद्ध आवाज उठाना समय समय पर सेवा के कार्य करना समाज सुधार के कार्य करना है। बता ते चले कि राष्ट्र सेवी संगठन के संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने ग्राम कुंदरखी भूड़, ब्रह्माबाद, नूरपुर खुर्द, अंधेर पूरी, दाउदपुर आदि गांव में सदस्यता अभियान चलाया इस अवसर पर सैकड़ो ग्रामीणों ने राष्ट्र सेवी संगठन की सदस्यता ग्रहण की, वही उपस्थित ग्राम वासियों ने क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा किए जा रहे उपभोक्ताओं के उत्पीड़न को प्रमुखता से उठाया । कहा कि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की सूचना दिए बगैर उनके घरेलू कनेक्शन की क्षमता वृद्धि कर दी गई है। मीटर अनाप शनाप बिल निकाल रहे हैं। उन्हें सही करने के लिए उपभोक्ता सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं। दो से चार महीने की बकाया पर कनेक्शन काटे जा रहे हैं। कनेक्शनों को जोड़ने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। श्री शर्मा ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि शीघ्र ही विभागीय अधिकारियों से मिलकर समस्या से अवगत कराकर समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर रूपचंद चौहान, विजय चौधरी, पुनीत कुमार, विशेष त्यागी, सुभाष, प्रभाष शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# श्री राम सेवा समिति द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ का किया गया आयोजन



लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर।** मंगलवार को नगर की समाजसेवी संस्था श्री राम सेवा समिति द्वारा अपने पूर्व नियोजित साप्ताहिक धार्मिक कार्यक्रम घर-घर हनुमान चालीसा का पाठ के अंतर्गत इस मंगलवार को भगवान श्री बालाजी भगवान का चालीसा का पाठ मोहित सुशील अग्रवाल के आवास पर आयोजित किया गया जिसमें दर्जनों हनुमान भक्तों ने बालाजी भगवान का चालीसा एवं पाठ किया वह आरती भी की, साथ ही आरती के उपरांत प्रसाद का भी वितरण किया गया इस मौके पर समिति के जिला अध्यक्ष पंकज भटनागर ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में सनातन धर्म के प्रति लोगों में आस्था बढ़ती है ऐसे कार्यक्रम हर मंगलवार को आयोजित होने चाहिए, तथा इस मौके पर मुख्य रूप से श्री राम सेवा समिति के जिला अध्यक्ष पंकज भटनागर, रानू रस्तोगी, मुकुल अग्रवाल, बबलू पाल, आकाश अग्रवाल, मोहित सुशील अग्रवाल, जतिन गुर्जर, मनोज शर्मा, सोनू सैनी, अनुपम अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, प्रखर अग्रवाल, पवन चौहान, प्रिया रस्तोगी, सीमा अग्रवाल, मोहिनी अग्रवाल आदि सहित दर्जनों हनुमान भक्त मौजूद रहे।

# गौतम बुद्ध जेल में बंद किसान नेताओं की रिहाई के लिए मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नाम एक ज्ञापन पुलिस क्षेत्र अधिकारी को सौपा जिसमें जेल में बंद किसान नेताओं की रिहाई के लिए मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया है, बताते चलें कि गौतम बुद्ध नगर की जेल में 3 दिसंबर से बंद आंदोलनकारी किसान नेताओं की ससम्मान रिहाई किए जाने को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति ने ज्ञापन दिया है वहीं ज्ञापन के माध्यम से किसानो की समस्याओं का निस्तारण करते हुए सभी किसानों की ससम्मान रिहाई की आदेश पारित करने की मांग की है, ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष हाजी हसीन अहमद गफारी, सलमान मलिक, राजपाल सिंह, ब्रह्मपाल, जहीर अहमद, मांगू त्यागी, जीतिन त्यागी, शाने आलम, उस्मान चौधरी, नजार चौधरी, कैलाश सिंह, राजपाल सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# घने कोहरे के चलते स्कूल बस और कार की हुई भिड़ंत पांच बच्चों सहित 9 लोग घायल

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर।** मंगलवार को दिन निकलते ही स्कूल बस और कार की आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें कार सवार लोगों सहित स्कूल बस में सवार पांच बच्चे वह बस का ड्राइवर और कार का ड्राइवर सहित 9 लोग घायल हो गए मंगलवार की सुबह 7/30 बजे हसनपुर गजरौला मार्ग पर मनौटा के पूल पर यह हादसा हुआ, सिहाली जागीर स्थित लिटिल चिल्ड्रन एकेडमी की बस बच्चों को लेकर अगापुर जा रही थी तथा अगापुर से बच्चों को लेकर आना था वही घने कोहरे के कारण हसनपुर दिशा से आ रही है कार की बस से भिड़ंत हो गई जिसमें कार सवार चालक व बस चालक एवं कर में सवार पति-पत्नी वह बस में सवार पांच बच्चे घायल हो गए मौके पर चीख पुकार मच गई सूचना मिलती ही कोतवाली पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई सभी घायलों को सीएससी में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया, डॉक्टरो ने कार सवार अमरजीत सिंह, पत्नी निधि, मां क्रांति और स्कूल बस चालक अकरम की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया वहीं बच्चों में रिफा, अलीशा, हरीशवा, आरान और सुभान को प्राथमिक उपचार के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया गया, वही इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि घायलों को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है तथा अग्रिम कार्रवाई जारी है।

# आत्मरक्षा प्रशिक्षण से बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है: एसडीएम सुनीता सिंह

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर।** मंगलवार को 24 दिवसीय वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिवस के समापन पर बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुण सिखाए गए व्यायाम शिक्षक वैभव गुप्ता द्वारा आत्मरक्षा के विभिन्न तरीके सिखाए गए जिसमें बालिकाओं को पंच, किक, स्ट्राइक, ब्लॉक और स्टोंस की जानकारी दी गई, इसके अलावा आत्मरक्षक किट बनाने और महिला हिंसा से संबंधित शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबरों को भी बताया गया, बालिकाओं ने आत्मरक्षा प्रशिक्षण पर आधारित नाटक नैना का जंग, का बहुत ही सुंदर तरीके से मंचन कर अपनी कला का प्रदर्शन किया, नाटक से महिला सशक्तिकरण और आत्मरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया, बताते चलें कि हसनपुर में समग्र शिक्षा अभियान के तहत कस्तूरबा विद्यालय कंपोजिट और जूनियर हाई स्कूल की बालिकाओं को 24 दिवसीय वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा है, इसी के क्रम में मंगलवार को कंपोजिट विद्यालय उझारी द्वितीय में प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित हुआ, इस मौके पर पहुंची एसडीएम सुनीता सिंह ने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक है इससे बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वह खुद को कमजोर नहीं समझती, इस मौके पर प्रधानाध्यापक तबस्सुम जहां, दीक्षा अग्रवाल, रश्मि, भूपेंद्र कुमार, संगीता अग्रवाल, रियाजुद्दीन, दीपक अग्रवाल, फिरोज, मुख्तियार, अनवर अली,मनीराम सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक और समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# मामूली बात पर दो पक्षों में चले लाठी डंडे, दोनों ओर से आठ लोगों पर एफ आई आर दर्ज

**हसनपुर।** मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने गांव मलवाली डगरोली के दो पक्षों में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से चार-चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, बताते चलें कि सोमवार की देर शाम दो पक्षों में किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया था जिसके चलते दोनों पक्षों की ओर से लाठी डंडे निकल आए और देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई तथा दोनों ओर से घायल हुए लोगों ने रात को ही कोतवाली पुलिस को सूचना दी थी उधर सुबह होते ही मंगलवार की सुबह दोनों पक्ष के लोग कोतवाली पहुंच गए तथा एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपे, वही पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत दोनों पक्षों के चार-चार लोगों को नाम जद करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है ।

# जिम्मेदारों की लापरवाही से शुद्ध पेय जल की बबार्दी



**लखनऊ।** चौक क्षेत्र के सरायं माली खान नियर काली चरण स्कूल के पीछे गली में लगा सबमर्सिबल जो कि करीब एक महीने टोटी टूटने के कारण जहां शुद्ध पेय जल की बबार्दी तो हो ही रही है वहीं गली में पानी भरने के कारण कीचड़ और आम जनता को पानी भरने में काफी टिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। टूटी हुई टोटी के सम्बंध में पत्रकार अरुण शुक्ला द्वारा इसकी शिकायत जलकल नियंत्रण कक्ष में शिकायत संख्या 433 में दर्ज कर टोटी लगवाने के आश्वाशन दिया गया। पत्रकार द्वारा जब जलकल विभाग के एक्सईन से फोन पर इसकी शिकायत की तो एक्सईन द्वारा जलकल विभाग जोन 6 के जेई कुलदीप से बात करने की बात कही। इस प्रकरण में जब क्षेत्र से सम्बंधित जेई कुलदीप से फोन पर सम्पर्क करने पर उन्होंने कहा कि अभी बजट पास हुआ है टोटियां जब आ जाएंगी तब लगवा दूंगा जब आज करीब एक माह से जेई द्वारा टोटियां मंगवाई जा रही हैं। जिससे कि जल की बबार्दी के साथ साथ आम जनता को टँकी से पानी बह जाने के कारण काफी दूर से पानी लाने को मजबूर हैं लोग।

# ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर प्रधानाध्यापक को हटाने की मांग

## दबंग प्रधानाध्यापक के आगे बेबस ग्राम प्रधान प्रधानाध्यापक की मनमर्जी से नौनिहालों का भविष्य हो रहा है खराब




**बस्ती।** जनपद के विकासखंड गौर के ग्राम पंचायत सुजिया प्राथमिक विद्यालय ग्राम प्रधान कुलदीप कुमार ने आरोप लगाया है कि प्रधानाध्यापक अनूप कुमार सिंह चला रहे हैं अपने मनमर्जी से विद्यालय विद्यालय में आने का उनका कोई समय नहीं है वह कभी 2:00 बजे आते हैं अभी 1:00 बजे आते हैं और कभी-कभी हाजिरी लगाकर चले जाते हैं ग्राम प्रधान कुलदीप कुमार द्वारा जब इसका कारण पूछा गया तो ग्राम प्रधान कुलदीप कुमार को वह धमकी देते हैं और कहते हैं कि तुम कौन होते हो पूछने वाले मैं अपने हिसाब से विद्यालय चलाऊंगा ग्राम प्रधान कुलदीप कुमार द्वारा कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी दबंग प्रधानाध्यापक अनूप कुमार सिंह के ऊपर नहीं हो रही है कार्रवाई आज जब सच्चाई जानने मीडिया टीम विद्यालय पहुंची तो प्रधानाध्यापक अनूप कुमार सिंह विद्यालय से गायब मिले बच्चों से पूछने पर पता चला कि प्रधानाध्यापक जी दो दिनों से विद्यालय नहीं आ रहे हैं वही जब मीडिया के लोगों ने ग्राम वासियों से बात की तो उन्होंने बताया कि प्रधानाध्यापक अपने ग्राम सभा कटौतियां साऊडी के प्रधान प्रतिनिधि हैं और वह अपने ग्राम पंचायत के काम में ज्यादा बिजी होने की वजह से विद्यालय नहीं आते है ग्रामीणों ने यह भी बताया कि हम लोगों ने कई बार उनसे इस विषय में बात करने की कोशिश की तो धमकी देते हैं और कहते हैं की हमसे कोई भी सवाल जवाब ना करें मैं जब अपने ग्राम पंचायत के काम से छुट्टी पाऊंगा तब मैं विद्यालय आऊंगा आप लोग कौन होते हैं पूछने वाले जब हमारे उच्च अधिकारी हमसे सवाल जवाब नहीं करते हैं।

# मुकेश प्रजापति मधुर ने बढ़ाया जिले का मान

विवेक पांडेय -




**अंबेडकरनगर।** वेंणु निनाद भूषंण सम्मान से नवाजे गये मुकेश प्रजापति "मधुर"। रवींद्र भवन रिसड़ा कोलकाता के सभागार में हुआ आयोजन। अभी हाल ही में श्री परमहंस आश्रम शक्तेषगढ़ में विश्व गुरु विश्व गौरव से सम्मानित यथार्थ गीता के प्रणेता तत्व द्रष्टा महापुरुष परमहंस स्वामी श्री अड़गड़ानंद जी महाराज को अपनी बांसुरी वादन की मोहक प्रस्तुति से प्रभावित कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त कर चुके अंतरराष्ट्रीय बांसुरी वादक मुकेश प्रजापति मधुर ने वेंणु निनाद भूषण सम्मान पाकर जिले का मान बढ़ाया है। इसके लिए वे जनपद वासियों की तरफ से धन्यवाद के पात्र हैं। जिले के मशहूर कवि चित्रकार व अंतर्राष्ट्रीय बांसुरी वादक मुकेश प्रजापति"मधुर" को बांसुरी वादन के क्षेत्र में विशेष सम्मान वेंणु निनाद भूषंण सम्मान से सम्मानित होने पर जनपद वासियों में खुशी की लहर है। यह सम्मान आयोजन कोलकाता में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक सांस्कृतिक भोजपुरी और प्रगति शोध फाउंडेशन ने आयोजित किया। जिसमें देश - विदेश के साहित्यकार चित्रकार और संगीतकारों ने बढचढ कर हिस्सा लिया। बहुमुखी प्रतिभा के धनी मशहूर कलाकार मुकेश प्रजापति"मधुर" ने बांसुरी वादन के साथ -साथ काव्यपाठ भी किया। यह आयोजन प्रियांशु प्रकाश त्रिपाठी और विनोद यादव के द्वारा आयोजित किया गया। भोजपुरी भाषा को आठवीं सूची में शामिल करने और कला संगीत साहित्य के संरक्षण और संवर्धन हेतु यह आयोजन किया गया। रूस चीन नेपाल श्रीलंका और देश के अन्य राज्यों से कलाकारों और साहित्यकारों ने शिरकत की। मुकेश को देश अन्य राज्यों से लेकर विदेशों तक अबतक दर्जनों अवार्ड मिल चुके हैं और जिले- प्रदेश का नाम रौशन किया है। मुकेश प्रजापति "मधुर" ने बताया कि तपस्या संगीत साहित्य कला की हो अथवा अन्य किसी विधा या विषय की हो सफलता अवश्य कदम चूमती है, बस लगन होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कठिनाइयां ही तो मजबूती प्रदान करती हैं। हर कलाकार के जीवन में संघर्ष ही तो कलाकार को मजबूत बनाती हैं। त्याग के बिना कुछ प्राप्त कर पाना बहुत मुश्किल है। "मधुर" के इस सम्मान को पाने के लिए जनपद वासियों प्रदेश वासियों व उनके यार दोस्तों की तरफ से ढेर सारी बधाइयां व शुभकामनाएं दी जा रही है । रामसिंह यादव राजेन्द्र प्रसाद, राजितराम यादव, धर्मेंद्र प्रधान, जवाहर मौर्या , यूनुस खान, नन्दलाल प्रजापति, पवन जायसवाल, नारद विश्वकर्मा, वीरेंद्र मौर्या, हरिकेश यादव , जगत नारायण प्रजापति आद लोगों ने बंधाई दी।

# टिकट के अवैध कालाबाजारी में संलिप्त जन सेवा केन्द्र के संचालक को आरपीएफ ने खोड़ारे से किया गिरफ्तार।



**खोड़ारे गोंडा।** पर्सनल यूजर आइडी से रेलवे ई टिकट की कालाबाजारी कर रेलवे को चूना लगाने वाले एक शख्स को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने गिरफ्तार किया है। तलाशी में उसके पास से 1मोबाइल 1लैपटाप 1प्रिंटर व 7200 रुपए जब्त किए गए हैं, आरोपित गत एक वर्ष से पुलिस थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर इस गोरखधंधे को अंजाम दे रहा था। जहां मुखबिर की सुचना पर मनकापुर आरपीएफ ने आरोपी को धर दबोचा सूत्रों के अनुसार, कुछ दिनों पहले आरपीएफ ने ई टिकट दलाली की जांच के दौरान दो आईडी Sunitaap1 Amitkku नामक संदिग्ध यूजर आइडी को चिन्हित किया था। आरपीएफ ने उक्त आइडी की तह तक जाने के लिए जांच शुरू की इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर मनका पुर रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ में तैनात इंस्पेक्टर समराज ने अपनी टीम के साथ सोमवार को खोड़ारे थाना से महज 100मीटर की दूरी पर जन सेवा केन्द्र संचालक रामसुरत यादव पुत्र राजाराम यादव निवासी ग्राम पड़री हाथी राय को गिरफ्तार किया है। तलाशी में उसके पास से एक मोबाइल एक लैपटॉप प्रिंटर 7200रुपये भी जब्त किए हैं इस बावत रेलवे सुरक्षा प्रभारी मनकापुर से दूरभाष पर जानकारी लेने पर बताया की आरोपी के खिलाफ कार्यवाही कर उसे गिरफ्तार कर रेलवे सुरक्षा मजिस्ट्रेट के सामने पेस किया जा रहा हैं। उनके निर्णय के आधार पर कार्यवाही किया जाएगा।

# खनन माफियाओं के पिटाई से एक बुजुर्ग की हो गई मौत




**बस्ती।** थाना वाल्टरगंज के अंतर्गत डमरूआ जंगल टोला सहाउत पुर के रहने वाले राम उजागर जिनकी उम्र लगभग 69 वर्ष को मिट्टी खनन कर डंपर से ले जा रहे दिलीप यादव ने जमकर मारा पीटा अस्पताल में इलाज के दौरान राम उजागीर की मृत्यु हो गई इस वक्त जिले भर में अवैध खनन चाहे वह मिट्टी का हो या बालू का जोरो पर चल रहा है जिले में अवैध खनन करने वाले खनन माफियाओं के आगे जिला प्रशासन भी नतमस्तक दिख रहा है रात्रि में अवैध खनन मिट्टी को डंपर की तेज रफ्तार से ले जाना एक बुजुर्ग को भारी पड़ गया और जान गंवानी पड़ी दरअसल जिस सड़क से तेज रफ्तार डंपर जा रहा था मृतक का नाती अभय चौहान उम्र लगभग 15 वर्ष जो अपने खेत की तरफ गया था और खेत से लौटते वक्त डंपर का धूल उड़ने के कारण दिलीप यादव जो डंपर को चला रहे थे उनसे अभय चौहान ने कहा थोड़ा धीरे लेकर जाओ डंपर, बस इतनी सी बात दिलीप यादव को नागवार गुजरा दिलीप यादव ने अपने अन्य साथियों को बुला लिए जिसमें आलोक कमलेश शिवम आर्यन यादव बादशाह चौधरी जो मैनसिर रघुनाथपुर के रहने वाले हैं इन सभी लोगों ने मिलकर मारपीट किया बीच बचाव करने आए राम उजागीर को भी दबंगों ने जमकर पीटा जिनको गंभीर चोटें लग गई परिजनों ने तुरंत उनको लेकर अस्पताल पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया थानाध्यक्ष वॉल्टरगंज ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया है अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

# अन्नपूर्णा भवनों को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर रही योगी सरकार



**लखनऊ, 17 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में खाद्यान्न आपूर्ति को बेहतर बनाने और भंडारण को सुरक्षित रखने के लिए अत्याधुनिक अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण करवा रहे हैं। इन भवनों का उद्देश्य राशन वितरण प्रणाली को स्थायी और प्रभावी बनाना है, जिससे कोटेदार के बदलने पर भी राशन दुकानों की स्थिरता बनी रहे। प्रदेश में अब तक 3,213 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि 1,630 भवनों का कार्य प्रगति पर है। योगी सरकार का उद्देश्य इन भवनों को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में एक बहुउद्देश्यीय केंद्र के रूप में विकसित करना है। यहां की सुविधाएं लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार लाने में सहायक होंगी। मनरेगा के तहत इन भवनों का निर्माण किया जा रहा है। ये भवन न केवल खाद्यान्न भंडारण के लिए उपयोगी होंगे बल्कि उचित दर की दुकानों के संचालन के लिए भी सहायक होंगे। ग्राम पंचायतों में सरकारी जमीन पर बनाए जा रहे इन अन्नपूर्णा भवनों में एक हॉल, प्रतीक्षालय, और जनसेवा केंद्र जैसी सुविधाएं शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 2,800 से अधिक नए भवनों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। अन्नपूर्णा भवनों का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में खाद्यान्न आपूर्ति की प्रक्रिया को सुगम बनाना है। पहले उचित दर की दुकानें अक्सर संकरी गलियों में स्थित होती थीं, जिससे खाद्यान्न आपूर्ति वाहन और ग्राहकों को कठिनाई होती थी। अब इन भवनों के विकसित होने से खाद्यान्न वाहन और आम जनता की पहुंच सुगम हो गई है।

# हमारी सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में 1.60 लाख से अधिक भर्तियां कीं: मुख्यमंत्री



**लखनऊ, 17 दिसंबर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन शिक्षा क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए कार्यों को रखा। उन्होंने सपा विधायक मनोज कुमार पारस, पूजा, पंकज पटेल के मुद्दे को महत्वपूर्ण व संवेदनशील बताया, लेकिन नसीहत दी कि सदस्यों को सदन की गरिमा व मयार्दा को ध्यान में रखकर तथ्यपरक बातें रखनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग में सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। हमारी सरकार ने 1.60 लाख से अधिक भर्तियां शिक्षा विभाग में की हैं।

**विभिन्न विभागों से अधियाचन मांगकर नियुक्ति प्रक्रिया को बढ़ा रहा उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग**

मुख्यमंत्री ने कहा कि समग्र शिक्षा (बेसिक, माध्यमिक, उच्च, तकनीकी, व्यावसायिक, चिकित्सा शिक्षा) को लेकर नया चयन बोर्ड (उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग) बनकर तैयार है। वह विभिन्न विभागों से अधियाचन मांगकर नियुक्ति की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है। हमारी सरकार ने अकेले शिक्षा विभाग में ही 1.60 लाख से अधिक भर्तियां की हैं। यह वे भर्तियां हैं, जो पिछली सरकार की बदनीयती के कारण भरी नहीं जा सकी थीं।

**आरक्षण के नियमों का हो रहा अक्षरशः पालन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेरोजगारी देश, दुनिया व उत्तर प्रदेश के सामने चुनौती है। उत्तर प्रदेश दुनिया के अंदर सबसे युवा राज्य है। 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश में 56 से 60 फीसदी आबादी वर्किंग फोर्स-युवा है। हमारी सरकार ने राज्य के युवाओं को ध्यान में रखकर अनेक कार्य किए हैं। पिछले सत्र में हमारी सरकार ने पेपर लीक की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सार्वजनिक परीक्षा व अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम -2024 को पारित किया। प्रदेश के युवाओं को ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ सरकारी नौकरियां प्राप्त हो रही हैं। इसमें आरक्षण के नियमों का अक्षरशः पालन किया जा रहा है।

CMYK

# पंजाब

## सार संक्षेप

### धार्मिक सजा पूरी करने पर चरणजीत सिंह अटवाल ने श्री अकाल तख्त साहिब पर करवाई अरदास



श्री अकाल तख्त साहिब पर अरदास करवाते चरणजीत सिंह अटवाल।

अमृतसर): पंजाब विधानसभा के पूर्व स्पीकर तथा शिरोमणि अकाली दल कोर कमेटी के सदस्य डा. चरणजीत सिंह अटवाल ने श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा लगाई धार्मिक सजा पूरी करने के बाद श्री अकाल तख्त साहिब पर कड़ाह प्रसाद की देग चढ़ाई और क्षमा याचना की अरदास करवाई। उन्होंने श्री हरिमंदिर साहिब में नतमस्तक होकर सरबत के भले की अरदास की। बाद में उन्होंने कहा कि अकाल तख्त साहिब सिखों के लिए सर्वोच्च है और सभी सिखों को अकाल तख्त साहिब का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी द्वारा बीबी जागीर कौर को अपशब्द बोलने वाली टिप्पणी पर कहा कि मैं इसकी कड़े शब्दों में निंदा करता हूं और यह कहना चाहता हूं कि नारी जाति का हमेशा सम्मान करना चाहिए। किसानों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर जसबीर सिंह संधू, जसजीत सिंह सहोता, मनदीप सिंह विक्की, गगन मनन और लखविंदर सिंह बिट्टू उनके साथ थे।

### गोविंद सागर झील में पानी के नीचे सुरंग बनाने की योजना बना रही हिमाचल सरकार

बेलासपुर: हिमाचल प्रदेश सरकार बिलासपुर शहर को कीरतपुर और मनाली के बीच चार लेन वाली सड़क से जोड़ने के लिए गोविंद सागर झील के नीचे सुरंग बनाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरंग लुहणू मैदान से चार लेन वाली सड़क तक बनाई जाएगी। अगर यह योजना सफल होती है तो यह न केवल बिलासपुर शहर के लिए जीवन रक्षक साबित होगी बल्कि झील के अंदर बनने वाली देश की पहली सुरंग भी होगी। हिमाचल प्रदेश के ऊना और बिलासपुर जिलों में फैला गोविंद सागर झील जलाशय लगभग 56 किलोमीटर लंबा और तीन किलोमीटर चौड़ा है। कीरतपुर-मनाली चार लेन सड़क बनने के बाद बिलासपुर शहर का मुख्य सड़क से संपर्क टूट गया है, जिस वजह से यहां आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ गई हैं। सुरंग बनने से व्यापारियों और उद्योगपतियों को भी नई राह मिलेगी।

### विजीलैंस ने आरटीए कार्यालय के 2 कर्मचारियों को 5500 रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया



पकड़े गए आरोपी विजीलैंस टीम के साथ।

(धार कलां): विजीलैंस ने आरटीए कार्यालय पठानकोट में तैनात जतिंदर कुमार डाटा एंट्री ऑपरेटर और मुकेश को 5500 रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। विजीलैंस के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि उपरोक्त आरोपियों को पठानकोट के गांव मनवाल के सुरजीत कुमार की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलैंस से संपर्क किया और अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उपरोक्त आरोपियों ने उसके वाहन को हिमाचल प्रदेश से पंजाब में पंजीकरण करने के लिए 5500 रुपए की रिश्वत की मांग की है। प्रवक्ता ने बताया कि इस शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद विजीलैंस टीम ने जाल बिछाया और दोनों आरोपियों को 5500 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में दोनों आरोपियों के खिलाफ विजीलैंस पुलिस स्टेशन, अमृतसर रेंज में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# करनाल के अर्श कबीर ने पहले डेब्यू मैच में 16 चौकों व 17 छक्कों की मदद से 230 रन की शानदार पारी खेलकर कर दी बल्ले-बल्ले

## हरियाणा की तरफ से पहले डेब्यू मैच में अर्श कबीर बने टीम के हीरो, उतराखंड को हराया



**करनाल. सुखविन्दर सोही**

**करनाल।** कर्ण नगरी करनाल के युवा हर क्षेत्र में अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय देने के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में क्रिकेट की दुनिया में करनाल के उभरते खिलाड़ी अर्श कबीर ने अपने डेब्यू में अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस कड़ी में करनाल के अर्श कबीर ने मैनस यू-23 स्टेट ए ट्रॉफी में 141 बॉलो में 230 रन की शानदार पारी खेलकर दर्शकों के साथ साथ क्रिकेट चयनकर्ताओं को भी प्रभावित किया। हरियाणा और उतराखंड के बीच में खेले गए इस मैच में अर्श कबीर ने 16 चौके और 17 छक्के लगाए। अर्श कबीर ने इस मैच से हरियाणा की ओर से डेब्यू किया था और अपने पहले ही मैच में हरियाणा के इस छोरे की परफोरमेंस ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। अर्श कबीर के खेल परफोरमेंस की हरियाणा के साथ उसके गृह जिले करनाल में उसकी खासी चर्चा हो रही है। लेफ्ट हैंड बेटसमैन अर्श कबीर में लोग भारत के क्रिकेट का भविष्य देख रहे हैं। वहीं हरियाणा व उतराखंड के बीच खेले गए 50-50 ओवर के मैच में पहले विकेट की साझेदारी करते हुए यशवर्धन दलाल ने 106 बालों पर 132 रन बनाए, पहले विकेट की साझेदारी 305 रन की रही। सीमांत जाखड ने 41 बॉल पर 79 रन बनाए। उतराखंड ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 333 रन की पारी खेली। शाश्वत डंगवाल ने 114 और संस्कार रावत ने 127 रन बनाए। हरियाणा ने दो विकेट पर 471 रन बनाकर उतराखंड को हराया। बता दें कि हरियाणा के करनाल के लेफ्ट हैंड बेटसमैन अर्श कबीर ने हरियाणा में अंडर 14 में 202 रन की नाबाद पारी खेली थी। इसी तरह 2022-23 में अंडर19 हरियाणा में 346 रन का हाई स्कोर बनाया था। अब 2024-25 में मैन सीनियर्स में हरियाणा की पटौदी ट्रॉफी में छह मैचों में 388 रन का है।

# गुड़ मंडी शिफ्ट करने की मांग पूरी होने पर खुश हुए व्यापारी, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और विधायक जगमोहन का जताया आभार

## लंबे समय से चली आ रही थी गुड़ मंडी को शिफ्ट करने की मांग

>> मुख्यमंत्री करनाल की गुड़ मंडी को नई अनाज मंडी में शिफ्ट करने की दी मंजूरी

**करनाल, सुखविन्दर सोही**

लंबे समय से करनाल की गुड़ मंडी को शिफ्ट किए जाने की मांग आखिरकार पूरी हो गई है। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने गुड़ मंडी को नई अनाज मंडी में शिफ्ट किए जाने को मंजूरी दे दी है। इसके बाद व्यापारियों में खुशी की लहर है। सभी व्यापारियों ने हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल व करनाल के विधायक श्री जगमोहन आनंद का धन्यवाद जताया है। उनका कहना है कि इन्हीं के प्रयासों से यह संभव हो पाया है। बता दें कि सोमवार 16 दिसंबर को हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने करनाल में गुड़ मंडी को पुरानी अनाज मंडी से नई अनाज मंडी (एनजीएम) में शिफ्ट करने की मंजूरी दी है। गुड़ के अलावा इस नई अनाज मंडी में चारा, दालें और मसाले की मार्केट भी शिफ्ट करने की मंजूरी दी गई है। गुड़ मंडी के प्रधान रामलाल ने कहा कि करनाल की गुड़ मंडी शहर की सबसे पुरानी मंडी है। मंडी में जगह कम होने की वजह से जाम की स्थिति बनी रहती थी। व्यापारियों की लंबे समय से मांग थी कि इस मंडी को शिफ्ट किया जाए। इसके लिए केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल व करनाल के विधायक श्री जगमोहन आनंद ने प्रयास किए। उनके प्रयास रंग लिए और हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने इस मंडी को शिफ्ट करने की मंजूरी दे दी है। सभी व्यापारियों ने हरियाणा सरकार और केंद्रीय मंत्री व विधायक का धन्यवाद किया। गुड़ बांटकर मनाई खुशी मंगलवार सुबह से ही गुड़ मंडी में व्यापारियों का जमावड़ा लगा हुआ था।

# शीतलहर के कारण सेहत पर हाईपोथर्मिया का खतरा मंडराया

## सुबह और शाम मास्क लगा कर निकलें : डा. नैत्रपाल

>> बुजुर्ग और बच्चे सुबह घरों से कम निकलें, खूब गुनगुनपा पानी पींए पौष्टिक और ठोर आहार लें, बाजार की चीजों से बचें





**करनाल, सुखविंदर सोही**

**करनाल।** सहित विभिन्न जिलों में शीतलहर चलने के कारण तापमान में लगातार गिरावट महसूस की जा रही है। अधिक तापमान गिरने के कारण हाईपा थर्मिया का खतरा मंडरा रहा है। अधिक सदर्भ के कारण कार्डियक रेस्ट, हर्ट फैल , अधिक रक्तचाप लकबा, ब्रेन हेमरजे का ,खतरा मंडारा रहा है। इन मामलों को लेकर देश के जाने माने मैडीसन विशेषज्ञ के साथ कार्डियक स्पेंशलिसट डाः नैत्रपाल से बात की। उन्होंने सुबह और शाम को घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह बुजुर्गों और बच्चों को दी है। उन्होंने अधिक से अधिक गर्म पानी और गर्म पेय का प्रयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि दोपहर में या धूप निकलने पर सैर करें। इस समय इनडोर एक्सरसाइज करें। उन्होंने बताया कि ठंडी हवा के प्रवेश रोकने के लिए दरवाजों तथा खिड़कियों को ठीक से बंद रखें। फ्लू, नॉक बहना/ भरी नाक या नाक बंद जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना आमतौर पर ठंड में लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होती हैं। इसलिए इस तरह के लक्षणों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतें तथा डॉक्टर से परामर्श करें। जितना हो सके घर के अंदर रहें और ठंडी हवा, बारिश, बर्फ के संपर्क में आने से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। ऐसे गर्म कपड़े पहनें ताकि ठंड बिल्कुल न लगे। तंग कपडे खून के बहाव को रोकते हैं, इनसे बचें। खुद को सूखा रखें और पानी में भीगने से बचें। शरीर की गरमाहट बनाये रखने हेतु अपने सिर, गर्दन, हाथ और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से ढककर रखें। गीले कपड़े तुरंत बदलें। हाथों में दस्ताने रखें। फेफड़ों को बचाने के लिए मास्क का प्रयोग करें।

# महात्मा गांधी चौक से नूर महल चौक तक सडक बनेगी स्मार्ट एवं सुंदर, वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं- डॉ. वैशाली शर्मा, निगमायुक्त।

## निगमायुक्त ने डीपीआर की अंतिम रूपरेखा तैयार करने को लेकर अधिकारियों व एजेंसी प्रतिनिधियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक, सम्बंधित विभागों को एक सप्ताह में सुझाव प्रेषित करने के दिए निर्देश।



**करनाल बिट्टू संधू**

शहर के महात्मा गांधी चौक से नूर महल चौक तक करीब साढे 3 किलोमीटर लम्बी सडक स्मार्ट व सुंदर बनेगी। नववर्ष के फरवरी माह में इस पर काम शुरू होने की प्रबल उम्मीद है। यह परियोजना करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड के डिपोजिट वर्क के तहत नगर निगम द्वारा करवाई जाएगी। इसके लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट यानि डी.पी.आर. तैयार की जा रही है। डी.पी.आर. की अंतिम रूपरेखा तैयार करने के लिए नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने इससे सम्बंधित विभागों के अधिकारियों तथा डीपीआर तैयार कर रही चण्डीगढ़ की साकार फाउण्डेशन एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में एजेंसी प्रतिनिधियों ने पावर पॉयट प्रैजेन्टेशन के माध्यम से इस सडक पर क्या-क्या कार्य किए जाने हैं, इसकी पूरी जानकारी दी। इसके साथ-साथ वह बैठक में मौजूद अधिकारियों से सुझाव भी लेते रहे। निगमायुक्त ने सुझाव दिया कि सडक को इस तरीके से स्मार्ट बनाया जाए कि यह नागरिकों के साथ-साथ पर्यावरण के भी अनुकूल हो। सडक पर अच्छी दृश्यता, रोड फनीचर्स, सोलर सिस्टम से जुड़ी स्मार्ट एलईडी लाईटें, इलैक्ट्रोनिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन, एम्बूलेंस लाईन, स्मार्ट बस क्यू शैल्टर, वाई-फाई, पर्यावरणीय सुविधा, पक्षियों के लिए ट्री हाऊस, रोड साईड लाईब्रेरी, स्मार्ट जेब्रा क्रॉसिंग एवं स्पीड ब्रेकर तथा पार्किंग स्पेस जैसी सब चीजें डीपीआर में शामिल की जाएं। ?

# उपायुक्त उत्तम सिंह ने शीतलहर (कोल्ड वेब) से बचाव को लेकर की विशेष एडवाइजरी जारी।

## सर्दी से बचने के लिए सावधानी बरतने की अपील।



**करनाल, सुखविन्दर सोही**

**शीतलहर** (कोल्ड वेब) से बचाव को लेकर सरकार के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त उत्तम सिंह ने विशेष एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने आम नागरिकों से शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की और कहा कि शीतलहर से बचाव के लिए इन बातों की पालना जरूर करें। इन दिनों जिले में शीत लहर चल रही है। इसी के मद्देनजर उपायुक्त ने कहा कि हम थोड़ी सी सावधानी बरतकर पाले से बच सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि कि शीतलहर व सर्दी से बचने के लिए मौसम पूवार्नुमान के लिए रेडियो/टीवी/समाचार पत्र जैसे सभी मीडिया प्रकाशन का ध्यान रखें ताकि यह पता चल सके कि आगामी दिनों में शीतलहर की संभावना है या नहीं। सर्दियों लिए पर्याप्त कपड़ों का स्टॉक करें। घर में ठंडी हवा के प्रवेश रोकने के लिए दरवाजों तथा खिड़कियों को ठीक से बंद रखें। फ्लू, नॉक बहना/ भरी नाक या नाक बंद जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना आमतौर पर ठंड में लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होती हैं। इसलिए इस तरह के लक्षणों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतें तथा स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों या डॉक्टर से परामर्श करें। जितना हो सके घर के अंदर रहें और ठंडी हवा, बारिश, बर्फ के संपर्क में आने से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। ऐसे गर्म कपड़े पहनें ताकि ठंड बिल्कुल न लगे। तंग कपडे खून के बहाव को रोकते हैं, इनसे बचें। खुद को सूखा रखें और पानी में भीगने से बचें। शरीर की गरमाहट बनाये रखने हेतु अपने सिर, गर्दन, हाथ और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से ढककर रखें। गीले कपड़े तुरंत बदलें। हाथों में दस्ताने रखें। फेफड़ों को बचाने के लिए मास्क का प्रयोग करें। सिर पर टोपी या मफलर पहन।



उज्जैन : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने सोमवार को उज्जैन स्थित बाबा महाकाल के दरबार में विशेष पूजा-अर्चना कर समस्त झारखंडवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति एवं खुशहाली की मंगल कामना की।

# राहुल गांधी ने विदेश मंत्री को लिखा पत्र, श्रीलंका की जेलों में बंद भारतीय मछुआरों की रिहाई का उठाया मुद्दा

मछुआरों पर लगाए जुर्माने को माफ करने और जब्त की गई नौकाओं की रिहाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया



राहुल गांधी

दिल्ली, दिसंबर : लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पत्र लिख कर श्रीलंका के जेल में बंद भारतीय मछुआरों की रिहाई का मुद्दा उठाया है। कांग्रेस सांसद ने अपने पत्र में लिखा कि 'हम श्रीलंकाई राष्ट्रपति की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा की मेजबानी करने की तैयारी कर रहे हैं, मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह गलती से अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा (आईएमबीएल) पार करने वाले भारतीय मछुआरों के मुद्दे को उठाएं और उनकी जल्द रिहाई सुनिश्चित करें।

राहुल गांधी ने केंद्र से मछुआरों पर लगाए जुर्माने को माफ करने और जब्त की गई मछली पकड़ने वाली नौकाओं की रिहाई सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। ताकि कोलंबो के साथ लंबित मुद्दों को हल करने के लिए संयुक्त कार्य समूह जैसी अंतर-सरकारी व्यवस्थाओं की नियमित बैठक सुनिश्चित हो सकें। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके 15 से 17 दिसंबर तक 3 दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। सितंबर में पदभार ग्रहण करने के बाद यह दिसानायके की पहली द्विपक्षीय भारत यात्रा है। रविवार को नई दिल्ली पहुंचने पर सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने श्रीलंकाई राष्ट्रपति का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस बीच राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके का भारत की राजकीय यात्रा के दूसरे दिन सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके की अगवानी की।

राष्ट्रपति दिसानायके ने संयुक्त रक्षा सेवाओं द्वारा दिए गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इस मौके राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने एक-दूसरे को अपने-अपने मंत्रियों, राजनयिकों और अधिकारियों से मिलवाया। रविवार को भारत पहुंचने के बाद राष्ट्रपति दिसानायके ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मुलाकात की थी। गत 4 अक्तूबर को कोलंबो की अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान जयशंकर ने राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात की और अपनी 'पड़ोसी पहले' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण के आधार पर द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए भारत की मजबूत प्रतिबद्धता से अवगत कराया।

# रेल रोको आंदोलन 'बहुत बड़ा आंदोलन' होगा : पंधेर

## किसान अपनी मांगों को लेकर 12 से 3 बजे तक रेल ट्रैक अवरुद्ध करेंगे



सरवन सिंह पंधेर

राजपुरा, दिसंबर : किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने 18 दिसंबर को होने वाले रेल रोको आंदोलन को लेकर बड़ा बयान दिया है। पंधेर ने कहा है कि यह आंदोलन बहुत बड़ा होगा, जिसमें किसान अपनी मांगों को लेकर 12 से 3 बजे तक रेल ट्रैक अवरुद्ध करेंगे। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि रेलवे स्टेशन पर जो भी संगत बैठी होगी उनके लिए लंगर प्रसाद व पानी का भी प्रबंध घर से करके लाएं। ताकि, स्टेशन पर कोई भी भूख और प्यास से परेशान हो। उन्होंने सोशल मीडिया पर रविवार को वीडियो में कहा था कि मोदी सरकार की जड़े हिलानी हैं तो सभी किसान-मजदूरों को एक होकर स्टेशनों व रेलवे फाटकों पर जाकर रेल रोको आंदोलन में हिस्सा लेना होगा। पंधेर ने पंजाब के लोगों से 18 दिसंबर को होने वाले रेल रोको आंदोलन में शामिल होने की अपील की। पंधेर ने कहा कि मैं पंजाब के लोगों से 18 दिसंबर को होने वाले रेल रोको आंदोलन में शामिल होने की अपील करना चाहता हूं। हम पंजाब के सभी 13,000 गांवों के लोगों से अनुरोध करते है कि वे रेलवे ट्रैक के पास रहते हैं और अपने नजदीकी रेलवे क्रॉसिंग और रेलवे स्टेशनों को दोपहर 12 से 3 बजे तक बंद कर दें।

# सांसद मलविंदर कंग ने खनौरी बॉर्डर पर जगजीत डल्लेवाल से मुलाकात की

## कंग ने किसानों की मांगे नजरअंदाज करने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की



चंडीगढ़/ जालंधर, दिसंबर : आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद मलविंदर सिंह कंग ने भूख हड़ताल पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से खनौरी बॉर्डर पर मुलाकात की। डल्लेवाल के स्वास्थ्य को लेकर कंग ने गंभीर चिंता व्यक्त की और किसानों की मांगों के प्रति उदासीनता के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की। मीडिया से बात करते हुए कंग ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी डल्लेवाल के बिगड़ते स्वास्थ्य पर चिंता व्यक्त की है, फिर भी केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी किसानों की दुर्दशा के प्रति अनुत्तरदायी बने हुए हैं। कंग ने सरकार से स्थिति की गंभीरता को समझने और किसानों की मांगों को हल करने के लिए बातचीत शुरू करने की अपील की।

### डाक्टरों ने कहा- 'जगजीत डल्लेवाल की स्थिति गंभीर'

डीगढ़): किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत पर डाक्टरों ने कहा कि अब दिन-प्रतिदिन स्थिति बिगड़ती जा रही है। वहीं, डल्लेवाल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि फसलों का उत्पादन बढ़ता जा रहा है। तो खरीद का आंकड़ा भी बढ़ेगा, लेकिन असल सवाल यह है कि क्या सभी किसानों को एमएसपी मिल रहा है। क्या उन किसानों का प्रतिशत बढ़ा है, जिन्हें एमएसपी मिल रहा है। 2004-2014 के समय में गेहूं का एमएसपी 820 रुपए बढ़ा जो 130% बढ़ौतरी हुई। 2014-2024 के समय में 825 रुपए/क्विंटल बढ़ा जो 56% की बढ़ौतरी हुई। वहीं दूसरी तरफ 2014 से 2023 तक महंगाई 56.53% बढ़ी, तो इस प्रकार महंगाई ज्यादा बढ़ी है और गेहूं का एमएसपी कम बढ़ा है।

# केंद्र सरकार किसानों से किए वादे जल्द से जल्द पूरा करे : हरसिमरत बादल



हरसिमरत बादल

चंडीगढ़/ जालंधर, दिसंबर : शिरोमणि अकाली दल की वरिष्ठ नेता और सांसद हरसिमरत कौर बादल ने केंद्र सरकार से अपील की कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल, जो भूख-हड़ताल पर बैठें हैं और उनकी तबीयत दिन ब दिन खराब होती जा रही है, की जान बचाने के लिए एमएसपी को कानूनी गारंटी बनाने सहित किसानों की मांगों को स्वीकार किया जाए।

संसद में हरसिमरत कौर बादल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 4 साल पहले तीनों खेती कानून रद्द करते समय किसानों की सभी मांगों को स्वीकार करने पर सहमति जताई थी। उन्होंने कहा कि किसानों की सभी मांगों पर विचार करने के लिए एक कमेटी गठित करने का वादा किया था, लेकिन किसान आंदोलन के दौरान 700 किसानों की मौत के बावजूद मांगें अभी तक स्वीकार नहीं की गई हैं। उन्होंने कहा कि डल्लेवाल की जान बचाने के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है और ऐसा करने के लिए केंद्र को एमएसपी, किसानों और खेत मजदूरों के लिए कर्जा माफी और पैंशन, कृषि क्षेत्र के लिए बिजली शुल्क नहीं बढ़ाने का आश्वासन, पुलिस मामलों को वापस लेना और 2021 लखीमपुरी खीरी हिंसा से प्रभावित लोगों के लिए न्याय सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# महिला के शव बरादगी का मामला, पति व सगे भाईयों ने की थी हत्या

## आरोपी दोनों भाई गिरफ्तार, हत्या में प्रयुक्त बांका बरामद

■ जालौन-उरई

शुक्रवार की सुबह ग्राम खजुरी के पास माइनर में अज्ञात महिला का शव का कोतवाली पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हत्या में पुलिस ने महिला के दो भाइयों को पकड़ा है जबकि पति फरार है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त बांका, शव को माइनर में फेंकने के लिए ले जाने में प्रयोग किये गए ऑटो व महिला का मोबाइल बरामद किया है।




कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खजुरी गांव के पास माइनर में शुक्रवार की सुबह एक महिला का शव मिला था। शनिवार को महिला के शव की शिनाख्त ज्योति बेलदार (35) पत्नी अमित कुमार निवासी गणेशजी के रूप में की गई थी। महिला की शिनाख्त होने के बाद पुलिस हत्या के मामले को तलाश रही थी। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी प्रदीप कुमार ने बताया कि मृतका के पति अमित को पत्नी ज्योति के चरित्र पर शक था। जिसके बाद उसने पत्नी के भाई रामप्रकाश व जीतेन्द्र उर्फ जीतू पुत्रगण मानसिंह निवासी उमरारखेड़ा उरई के साथ मिलकर 7 व 8 दिसंबर की रात को ज्योति की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद शव को ऑटो में ले जाकर खजूरी के पास माइनर में फेक दिया था। महिला के शव को शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने देखा और प्रधान के माध्यम से कोतवाली पुलिस को जानकारी दी गई थी। पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपित दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि पति अभी पुलिस की पकड़ से दूर बना हुआ है। हत्यारों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त किये गये बांका और ऑटो के साथ मृतका का मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। बताया कि आरोपी रामप्रकाश के खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में 11 मुकदमे दर्ज है। वहीं, पुलिस महिला के पति की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से करें निस्तारण- जिलाधिकारी



■ उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला स्तरीय व्यापार बन्धु की बैठक आयोजित कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर व्यापार बंधुओं द्वारा उठायी जाने वाली समस्याओं से अवगत होने के बाद जिलाधकारी ने उनकी समस्याओं को गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश संबन्धित अधिकारियों को दिये। उक्त बैठक में बिन्दुओं पर चर्चा हुई, जिसमें मौनी मन्दिर के पास पड़ने वाली सब्जी मण्डी में प्रायः अधिक भीड़ होने के कारण उक्त सब्जी मण्डी का स्थानान्तरण शीघ्र ही रामकुण्ड उरई के पीछे किये जाने के निर्देश दिये गये, विद्युत पोल पर खुले हुए विद्युत कनेक्शन बॉक्स को शीघ्र रिपेयर करने के निर्देश दिये, तथा मुख्य बाजार से बन रही सड़क के दोनों ओर इण्टरलॉकिग शीघ्र लगाने हेतु लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करने का समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये गयें। तथा समस्त व्यापारियों को मार्ग से अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दियें। उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी उरई सिटी मजिस्ट्रेट उरई, सी0ओ0 नगर उरई, उपायुक्त राज्य कर उरई तथा अन्य अधिकारीगण एवं व्यापार मण्डल के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### ससुरालीजनों पर दहेज हत्या में मामला दर्ज

**कोंच।** क्षेत्र के ग्राम चंदुर्रा में गत दिनों पूर्व एक विवाहिता का फांसी पर झूलता हुआ शव मिलने की घटना में मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के कुल 5 लोगों के खिलाफ दहेज हत्या सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।सर्किल के थाना कैलिया क्षेत्र के ग्राम बेड़ा निवासी विनोद कुमार पुत्र वंशी ने कोंच कोतवाली पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि तकरीबन 5 वर्ष पूर्व उसने अपनी बेटी रीना की शादी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंदुर्रा निवासी धीरज के साथ की थी। शादी में उसने अपनी सामर्थ से अधिक दान दहेज दिया था लेकिन अतिरिक्त दहेज के रूप में बाइक और नगदी की मांग करते हुए ससुरालीजन उसकी बेटी का आए दिन मानसिक शारीरिक उत्पीड़न करने लगे। इसकी शिकायत उसने अगस्त माह में कोतवाली पुलिस से भी की थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। बीती 9 दिसंबर की सुबह ससुरालीजनों ने मिलकर उसकी बेटी को फांसी पर लटका कर उसकी हत्या कर दी। घटना की जानकारी उसे बेटी की ससुराल के पड़ोसियों ने दी तो वह तत्काल चंदुर्रा के लिए चल दिया। रास्ते में बेटी का शव उसे गाड़ी में रखा हुआ मिला जो पोस्टमार्टम के लिए ले जाया जा रहा था। उक्त मामले को लेकर पुलिस ने मृतका के पति धीरज सहित सास कमला, ससुर पूरन, देवर राहुल, चचेरी ननद कु.खुशबू के खिलाफ धारा 80(2), 85, 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ की।

### ओवरटेक करने के चक्कर दो ऑटो आपस में टकराये, आधा दर्जन घायल

**जालौन-उरई।** उरई मार्ग पर ओवरटेक करने के चक्कर दो ऑटो में टक्कर हो गई। हादसे में आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें उच्च संस्थान रेफर किया गया है। सोमवार को अपरान्ह करीब चार बजे दो ऑटो जालौन से उरई की ओर जा रहे थे। उरई जालौन मार्ग पर अकोढ़ी दुबे के पास तेज गति से ओवरटेक करने के चक्कर में दोनों में भिड़ंत हो गई। जिसमें ऑटो सवार खितौनी (35) पत्नी माखन निवासी कुसमरा, माखन (40) पुत्र नत्थू निवासी कुसमरा, रमाशंकर पांडेय (55) पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी जीपुरा, हेमादेवी (50) पत्नी प्रमोद कुमार निवासी सुशील नगर उरई, सौरभ पुत्र प्रमोद कुमार निवासी सुशील नगर उरई, नैतिक (15) पुत्र देवेन्द्र व वंदना (30) पत्नी देवेन्द्र निवासीगण कछोरन घायल हो गये। घटना की सूचना पुलिस मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। राहगीरों की मदद व एम्बुलेंस से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सौरभ, हेमा व नैतिक को छुट्टी दे दी गई। जबकि अन्य घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च संस्था रेफर किया गया।

### सड़क दुर्घटना में घायल महिला ने चालक के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

**कालपी-उरई।** देर शाम को कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लमसर के समीप बेकाबू मोटरसाइकिल की टक्कर लगने से महिला घायल हो गई, घायल महिला की ओर से कालपी कोतवाली में चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त गांव निवासी बच्चीलाल पुत्र रामचरन ने मुकदमा दर्ज करते हुए बताया कि दिनांक की शाम 6 बजे प्रार्थी की पत्नी जया देवी खेतों से चारा काटकर वापस लौट रही थी, तभी जोल्हूपुर कदौरा रोड में पूनम होटल के समीप मोटरसाइकिल सवार चालक राजेश ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए मेरी पत्नी के टक्कर मार दी। जिससे मेरी पत्नी घायल हो गई, जिसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके विवेचना शुरू कर दी है।

### एक हजार से अधिक कम्बल लेखपालों के माध्यम से वितरण- तहसीलदार

**कालपी-उरई।** ठंड का मौसम शुरू होते ही प्रशासन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के द्वारा निराश्रित एवं जरूरतमंदों को कंबल वितरण करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। तहसीलदार ने बताया कि शासन से आवंटित हुए एक हजार से अधिक कंबलों को गांव-गांव में लेखपालों के माध्यम से वितरण कराए गए हैं। तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी ने बताया कि नायब तहसीलदारों नीलमणि सिंह, चंद्र मोहन शुक्ला, तारा शुक्ला की मौजूदगी में अवगत कराया कि जिला मुख्यालय से 25-25 कंबलों की 42 गांठें प्रथम चरण में कालपी तहसील के लिए आवंटित की गई थी, सभी कंबलों को लेखपालों को दिया जा चुका है। उन्होंने लेखपालों को निर्देश देते हुए कहा कि पात्र एवं निराश्रित व्यक्तियों को कंबलों का वितरण शीघ्र कराया जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी क्रम में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला से तहसीलदार के बीच हुई वार्ता में बताया कि स्वत समाजसेवी संस्थाओं एवं प्रतिष्ठित नागरिक के सहयोग लेकर कंबलों का वितरण करने की रणनीति बनाई गई है जल्द ही सभी के सहयोग से निराश्रितों एवं जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किये जायेंगे।

# रोते हुए बोली मां साहब गायब बेटे की बरामदगी करा दो

■ कोंच



गायब हुए बेटे की बरामदगी के लिए माँ ने पुलिस से गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला आराजी लेन निवासी महिला कमरून पत्नी मुन्ना ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 8 दिसंबर की सुबह मुहल्ले के ही रहने वाले 2 व्यक्ति उसके पुत्र वकील को बाहर किसी शहर में काम धंधा दिलाने के लिए अपने साथ में लेकर गए थे। 14 दिसंबर को उक्त दोनों व्यक्ति तो वापस कोंच अपने घर लौट आए लेकिन उसके पुत्र को अपने साथ नहीं लाए और पूछने पर भी पुत्र के बारे में कुछ भी नहीं बता रहे हैं। अब उक्त दोनों व्यक्ति भी अपने अपने घर से कहीं भाग गए हैं। परेशान कमरून ने पुत्र के साथ किसी प्रकार की कोई अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से पुत्र को सकुशल बरामद किए जाने की गुहार लगायी है। पुलिस द्वारा शीघ्र ही युवक को सकुशल बरामद किए जाने का आश्वासन महिला को दिया गया है।

## छेड़खानी करने वाले आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**कालपी-उरई।** गांव के तिलक समारोह से रात में बहला फुसलाकर 11 वर्षीया किशोरी को खेतों में ले जाकर के छेड़खानी तथा धमकी देने के मामले के नामजद आरोपी को पुलिस सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उरकरा कला पड़ोसी के तिलक समारोह में 11 वर्षीया किशोरी शामिल हुई थी। इसी दौरान गांव के नामजद आरोपी शिवेंद्र सिंह ने बहला फुसलाकर कर किशोरी को खेतों में छेड़छाड़ तथा धमकी दी। किशोरी की मां की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है ।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक ने घटना को गंभीरता से लिया। उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि इस मामले का नामजद आरोपी रविवार को कहीं भागने की फिराक में था। तभी पुलिस टीम ने कालपी नगर के आलमपुर बाईपास तिराहे से गिरफ्तार करके सुसंगत धाराओं में जेल भेज दिया।

# प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024: डीएम व एसपी ने परखी व्यवस्थाएं

## सीसीटीवी, कंट्रोल रूम, लाइटिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित दिये




■ उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 की तैयारी के दृष्टिगत, आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज, सर्वोदय इंटर कॉलेज, राजकीय मेडिकल कॉलेज, आईटीआई, छत्रसाल इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जालौन परीक्षा केंद्रों निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी, कंट्रोल रूम, लाइटिंग आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, कंट्रोल रूम की व्यवस्था, और प्रकाश की समुचित व्यवस्था रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की कोई भी लापरवाही न हो, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से आयोजित की जा सके।




जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था इंतजाम है, अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित समय से पहुँचने के निर्देश है, परीक्षा केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्णतया प्रतिबंधित है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी अव्यवस्था से बचने के लिए सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है और हर परीक्षा केंद्र पर पुलिस कर्मी मौजूद रहेंगे।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, उप जिलाधकारी जालौन विनय कुमार मौर्य आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# विशाल मानव श्रृंखला बनाकर मनाया गया विजय दिवस



■ कालपी-उरई

सोमवार को कालपी में आयोजित विजय दिवस के अवसर पर उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, शासकीय कर्मचारियों के द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और साहस पर प्रकाश डाला। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने कहा कि भारतीय सैनिकों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

सोमवार को नगर के बाहर स्थित प्राचीन एवं धार्मिक महत्व के प्रतीक भगवान वेद व्यास के मंदिर के प्रांगण में एमएससी इंटर कॉलेज, संस्कृत महाविद्यालय, सरस्वती विद्या मंदिर, राजकीय औद्योगिक सहित विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं तथा शिक्षक एकत्रित हुए। इसके साथ ही पुलिस, राजस्व एवं अन्य विभागों के कर्मचारी के साथ छात्र- छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाई। इस मौके पर विचार व्यक्त करते हुए उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने कहा कि 16 दिसंबर 1971 को भारत ने पाकिस्तान से युद्ध में जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा कि समय-समय पर युद्ध किए गए लेकिन यह युद्ध ऐसा था कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सैनिकों को खड़े दिया था तभी से यह दिन विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, तहसील अभिनव कुमार तिवारी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक, नायब तहसीलदारों ताला शुक्ला, चंद्र मोहन शुक्ला, खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत, खंड विकास अधिकारी संदीप मिश्रा, अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला आदि के अलावा भारी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं शासकीय कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

## मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं को किया जागरूक



**उरई।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जनपद जालौन की महिलाओं/बालिकाओं को पुलिस और सरकार की तरफ से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी दी जा रही है । महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा/मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए 24 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया जा रहा है तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, जरूरी सूचनाओं, कल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा संबंधी जानकारियों सहित बुकलेट/पैम्पलेट आदि भी वितरित किये जा रहे हैं ।

## ग्राम बहबलपुरा में श्रीराम चरित मानस सम्मेलन 16-18 दिसंबर तक

■ जालौन-उरई



ग्राम बहबलपुरा में त्रिदिवसीय श्रीराम चरित मानस सम्मेलन श्री रामजानकी मंदिर पर 16 17 18 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया है। मानस सम्मेलन में श्री श्री 108 अवधेशानंद जी तर्क भास्कर ओम्कारेश्वर राजेन्द दास पाठक मऊरानीपुर श्रीमती मालती हमीरपुर श्री रमेश रामायणी कुठौंदा आदि विद्वान पधार रहे है।संचालन सुनीत कुमार दास रामायणी जालौन कर रहे है।मण्डलेश्वर महंत शिवशंकर दास जी महाराज ने धर्मभीरु भक्तों से आग्रह किया है कि राम कथा श्रवण कर अपने जीवन को कृतार्थ करे।

16 दिसम्बर को मानस मर्मज्ञ सत्यनारायण मिश्रा ने कहा कि हनुमान जी ने लंका में रामचंद्र के गुणो का वर्णन किया तो सीता का दुख भाग गया। इसी प्रकार रामचंद्र शशि किरण समाना संत चकोर करें यही पाना मालती जी ने कहा जब किसी संत के हृदय में मानव कल्याण की चिंता होती है तब समाज का कल्याण होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सदमे के कारण सूर्यवंशी की मृत्यु हो गई



**मुंबई/पुणे ।** पिछले सप्ताह परभणी में हुई हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए सोमनाथ वेंकट सूर्यवंशी (35) की मौत कई चोटों के सदमे के कारण हो सकती है। यह जानकारी सोमवार को एक अनंतिम पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सामने आई। सूर्यवंशी परभणी के शंकर नगर का निवासी है। वह हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए 50 से अधिक लोगों में शामिल था। पुलिस के अनुसार, रविवार सुबह 6:49 बजे एक सरकारी अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी। उसने सीने में दर्द और बेचैनी की शिकायत की थी। इसके बाद उसे अस्पताल से जाया गया था। वह उस दौरान न्यायिक हिरासत परभणी जिला केंद्रीय जेल में बंद था।

### पुलिस स्टेशन के पास विस्फोट से दहशत



**अमृतसर ।** मंगलवार सुबह पंजाब के अमृतसर में इस्लामाबाद पुलिस स्टेशन के पास जोरदार विस्फोट की आवाज सुनी गई, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। विस्फोट सुबह करीब 3 बजे हुआ, जिससे लोग चौंक गए और शांतिपूर्ण रात में खलल पड़ गया। निवासियों ने कहा कि आवाज इतनी तेज थी कि घर हिल गए और कुछ ने कहा कि प्रभाव के कारण दीवारों से पेंटिंग गिर गईं। पुलिस स्टेशन के अंदर कोई विस्फोट नहीं इस्लामाबाद के पुलिस अधिकारी जसबीर सिंह ने विस्फोट की आवाज सुनने की पुष्टि की, लेकिन स्पष्ट किया कि पुलिस स्टेशन परिसर के अंदर कोई विस्फोट नहीं हुआ। अधिकारी वर्तमान में विस्फोट के स्रोत और विस्फोट के सटीक स्थान की जांच कर रहे हैं।

### अंबाला में किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च



**अंबाला ।** दिल्ली की ओर पैदल मार्च कर रहे 101 किसानों के जत्थे को हरियाणा पुलिस द्वारा शंभू बॉर्डर पर रोके जाने के बाद, किसानों ने आज सोमवार को हरियाणा के अंबाला जिले में ट्रैक्टर मार्च निकाला। ट्रैक्टर मार्च संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के किसानों द्वारा उठाई जा रही मांगों के समर्थन में था, जो हरियाणा राज्य के खनौरी और शंभू बॉर्डर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों और पुलिस के बीच हिंसक झड़पों के बाद चल रहा आंदोलन और तेज हो गया है, जिसमें 17 किसान कथित रूप से घायल हुए हैं। किसानों ने अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखने की कसम खाई है, जिसमें 16 दिसंबर को ट्रैक्टर मार्च और 18 दिसंबर को 'रेल रोको' की योजना शामिल है।

अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए पालिका ने उठाया सख्त कदम

# संभल में मंदिर के पास हटाया जा रहा अवैध निर्माण

- शहर विधायक इकबाल महमूद के क्षेत्र में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान
- अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान मंदिर की खोज की गई थी



एजेंसी, संभल

संभल में शिव-हनुमान मंदिर के पास स्थित एक घर के मालिक ने मंदिर और आस-पास की इमारतों में मलबा गिरने से बचाने के लिए अपने घर के एक हिस्से को ढककर हटा दिया। विगत 14 दिसंबर को जिला पुलिस और प्रशासन द्वारा चलाए गए अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान मंदिर की खोज की गई थी। स्थानीय प्रशासन ने संभल में अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी रखा है। शहर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगरपालिका ने सख्त कार्रवाई करते हुए सोमवार को बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस अभियान के तहत सपा विधायक के इलाके में सड़क और नालों पर बने अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया। इनमें मकानों और दुकानों के आगे बनाए गए स्लैब और सीढ़ियों को बुलडोजर की मदद से तोड़ गया। कार्रवाई के दौरान भारी पीएसी बल तैनात रहा।

### पालिका की टीम ने चला रखा है अभियान

सोमवार की सुबह से ही नगर पालिका की टीम बुलडोजर के साथ अस्पताल चौराहा पहुंची। सबसे पहले क्षेत्रों में बने अवैध निर्माणों को तोड़ा गया। इसके बाद टीम ने एजेंटी तिराहे की ओर रुख किया। वहां लोगों ने बड़ी मात्रा में अपनी दुकानों के आगे स्लैब बना लिए थे, जिससे मार्ग संकरा हो गया था। यहां हर समय जाम की समस्या बनी रहती थी। बुलडोजर ने एजेंटी तिराहा पर अतिक्रमण की जद में आने वाले सभी स्लैब को तोड़ना शुरू कर दिया। यह देखकर अन्य लोग अपनी अपनी दुकानों व मकानों से निकले हथौड़ा लेकर स्वयं ही अपनी सीढ़ियों को तोड़ना शुरू कर दिया।

### मंदिर परिसर से हटे अवैध कब्जे

खग्गू सराय स्थित प्राचीन शिव-हनुमान मंदिर पर अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन ने सख्ती दिखाई। मंदिर के चारों ओर अवैध कब्जे बढ़ गए थे। किसी ने मंदिर परिसर में बैठक बना ली थी तो किसी ने दरवाजे खोल दिए थे। वहीं, कई मकानों के छज्जे भी मंदिर परिसर की ओर निकाल लिए गए थे, जिससे मंदिर पूरी तरह अतिक्रमण से घिर गया था। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में नगर पालिका की टीम ने अतिक्रमण हटवाया। मंदिर परिसर में बनी बैठक को तोड़ा गया, दरवाजों को बंद कराया गया और अवैध छज्जों को भी ध्वस्त किया गया। मंदिर की जर्जर बाउंड्री को तोड़कर नई बाउंड्री बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

जिला प्रशासन ने मंदिर की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। डीएम ने बताया कि मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और सुरक्षा के मद्देनजर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे ताकि भविष्य में मंदिर के आसपास अतिक्रमण न हो सके।



बाबा केदारनाथ धाम में बर्फबारी का दृश्य

स्कूल का ही छात्र था संदिग्ध हमलावर

# विस्कांसिन स्कूल में गोलीबारी 5 की मौत,6 घायल



- छह घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया


एजेंसी, न्यूजर्सी

अमेरिका के विस्कांसिन प्रांत के मैडिसन में एक स्कूल में सोमवार को हुई गोलीबारी में संदिग्ध हमलावर सहित पांच लोगों की मौत हो गई है। इस घटना में छह अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार हमलावर स्कूल का ही छात्र था। गोलीबारी के बाद जब पुलिस पहुंची तो संदिग्ध हमलावर की मौत हो चुकी थी। मैडिसन पुलिस विभाग ने इंटरनेट मीडिया पर बताया कि गोलीबारी की वारदात एबंडैंट लाइफ क्रिश्चियन स्कूल में हुई। इस प्राइवेट स्कूल में लगभग 400 छात्र पढ़ते हैं। मैडिसन पुलिस प्रमुख शान बार्न्स ने कहा कि वारदात में तीन लोग मारे गए, जिसमें संदिग्ध शूटर भी शामिल था। छह घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। गोलीबारी क्यों की गई यह स्पष्ट नहीं है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। अमेरिका में हाल के वर्षों में स्कूल में गोलीबारी की संख्या में वृद्धि हुई है। स्कूल शूटिंग डाटाबेस वेबसाइट के अनुसार, इस वर्ष अमेरिका में 322 स्कूलों में गोलीबारी की घटनाएं हुई हैं। पिछले वर्ष स्कूलों में गोलीबारी की 349 घटनाएं हुई थीं। इस घटना पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और अविवेकपूर्ण बताया है। गोलीबारी की निंदा करते हुए कहा कि इस घटना ने एक बार फिर सख्त बंदूक कानूनों की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना की

# श्रीलंका के राष्ट्रपति ने महाबोधि मंदिर में की पूजा अर्चना

एजेंसी, गया



श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने मंगलवार को बोधगया में विश्व प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर में भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना की। इस दौरान बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति (बीटीएमसी) के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति के बोधगया पहुंचने पर महाबोधि मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा खादा भेंट कर स्वागत किया गया। उसके बाद राष्ट्रपति महाबोधि मंदिर के गर्भगृह गए जहां उन्होंने भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की। इसके बाद वह पवित्र बोधिवृक्ष के पास गए। मान्यता है कि इसी महाबोधि वृक्ष के नीचे महात्मा बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। श्रीलंकाई राष्ट्रपति मंदिर परिसर स्थित भगवान बुद्ध से जुड़े सात स्थलों का भी दर्शन करेंगे। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर आम श्रद्धालुओं के महाबोधि मंदिर प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। राष्ट्रपति के जाने के बाद आम श्रद्धालु मंदिर में प्रवेश कर सकेंगे।

इससे पहले श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके गया अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचे, जहां इनका जोरदार स्वागत किया गया। राष्ट्रपति का बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, मंत्री संतोष कुमार सुमन, ज़िला पदाधिकारी त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने उनका ज्ञान की भूमि में स्वागत किया। राष्ट्रपति गया हवाई अड्डे से सीधे महाबोधि मंदिर पहुंचे और भगवान बुद्ध का दर्शन कर विशेष पूजा अर्चना की। बोधगया बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए महत्वपूर्ण तीर्थस्थल है। उनके साथ श्रीलंका के विदेश मंत्री विजीथा हेराथ और उप वित्त मंत्री अनिल जयंता और अन्य अधिकारियों का एक दल भी आया है।

# नटवर के बाद अब मणिशंकर, अब्दुल्ला के बाद अब ममता

राहुल गांधी का नशा उमर अब्दुल्ला और ममता बनर्जी ने उतारा है। दोनों ने कहा कि चुनाव आपको लड़ना नहीं आता और दोष ईवीएम को देते हो।






अजय सेतिया की कलम से

कांग्रेस और गांधी परिवार के बुरे दिन चल रहे हैं। सिर्फ छह महीने पहले लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद गांधी परिवार का चिराग बम बम था। राहुल गांधी इतना खुश थे कि मोदी को चुनौती दे दी थी। वह समझ रहे थे कि मोदी हारे हैं और वह जीते हैं। भाजपा हारी है और कांग्रेस जीती है। राजग हारा है और इंडी गठबंधन जीता है। राहुल गांधी इसे इंडी गठबंधन नहीं इंडिया गठबंधन कहते हैं। अमेरिका के एक कार्यक्रम में सवाल जवाब के दौरान एक सज्जन ने इंडी गठबंधन कह कर सवाल पूछा तो राहुल गांधी ने कहा कि यह इंडी नहीं, इंडिया है। उस सज्जन ने प्रति सवाल किया कि इंडिया के आखिर वाला "ए" किस के लिए है। तो हकलाते हुए राहुल ने कहा- गठबंधन के लिए। राहुल गांधी को कोई फर्क नहीं पड़ता कि लोग उनके इस ज्ञान पर ही उन्हें पप्पू कहते हैं। भारत जोड़ो यात्रा के बाद कुछ दिन के लिए वह पप्पू का टैग उतारने में कामयाब हो गए थे। लेकिन, सियार के रंग बदलने से वह शेर नहीं बन जाता। बारिश आती है तो रंग उतर जाता है। राहुल गांधी का छह महीनों में वही हाल हुआ है। हरियाणा, जम्मू कश्मीर और महाराष्ट्र ने राहुल गांधी का नकली रंग उतार दिया है। राहुल गांधी फिर से पप्पू वाली हरकते कर रहे हैं। संसद के पिछले सत्र की तरह इस सत्र में भी उन्होंने नरेंद्र मोदी को चुनौती दे दी है कि आप कुछ भी कर लो, वह जाति आधारित जनगणना करवा कर रहेंगे और आरक्षण की सीमा भी 50 प्रतिशत से बढ़ाकर रहेंगे। रविशंकर प्रसाद ने ठीक कहा कि राहुल गांधी को अपना ट्यूटर बदलना चाहिए। पहली बात तो यह है कि जनगणना सरकार करवाती है। उनकी सरकार बनने के चांस दूर-दूर तक नहीं हैं। 2024 आखिरी बार था, जब उनका झूठ सिर चढ़कर बोल रहा था। कुछ क्षेत्रों में समीकरण, संविधान और आरक्षण का झूठ चल गया था। सिर्फ पांच महीनों में जनता को समझ आ गया कि यह तो सियार है। 6-7 साल के बच्चे को युवा बताने वाला और तपस्या का मतलब शरीर की गर्मी बताने वाला वही पुराना पप्पू है। इसलिए हरियाणा, जम्मू कश्मीर और महाराष्ट्र की जनता ने दौड़ा दिया। लेकिन, राहुल गांधी का 99 सीटों का नशा नहीं उतरा है। वह समझते हैं कि 99 सीटों से ही वह जाति आधारित जनगणना करवा लेंगे। वह समझते हैं कि वह सर्वोच्च न्यायालय की 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को खत्म कर देंगे। इंदिरा गांधी की तरह न वह संसद को कुछ समझते हैं, न सर्वोच्च न्यायालय को। चुनाव आयोग पर भी बेसिरपैर की छींटाकशी से बाज़ नहीं आते। फिर भी लड़ाई संविधान की लड़ते हैं। रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी की लाल किताब के प्रस्तावना वाले पन्ने पढ़कर उनका भूत उतार दिया। संविधान का यह छोटा प्रारूप छापने वाले ने प्रस्तावना में गांधी परिवार की धज्जियां उड़ाई है। लोगों को लाल किताब दिखाने वाले ने खुद उसके दो पेज भी नहीं पढ़े। राहुल सेर तो बहन प्रियंका सवा सेर। उन्होंने अपने पहले भाषण में ही ईवीएम पर सवाल उठा दिया। उसी ईवीएम पर खुद वायनाड से जीतकर आई हैं। उसी ईवीएम से राहुल गांधी रायबरेली से जीतकर आए हैं। शरद पवार को लगता है कि वह ईवीएम के कारण हार गए। केजरीवाल को लगता है कि वह ईवीएम के कारण हार जाएंगे। इसलिए दोनों का ईवीएम के खिलाफ गठबंधन हुआ है। रब मिलाई जोड़ी, एक अंधा और एक कोढ़ी। साथ में अभिषेक मनु सिंघवी जुड़े हैं, जो ईवीएम पर तीसरी बार अपनी भद्द पिटाने सर्वोच्च न्यायालय जाएंगे। सर्वोच्च न्यायालय दो बार जूते मारकर भगा चुका है। चुनाव आयोग ने बता दिया है कि महाराष्ट्र के 1440 वीवीपैट के नतीजे ईवीएम से 100 फीसद मेल खाए हैं। लेकिन, इस बार राहुल गांधी का नशा उमर अब्दुल्ला और ममता बनर्जी ने उतारा है। दोनों ने कहा कि कुछ दिन पहले जब ईवीएम से आपकी 99 सीटें आई थी तो बहुत बम बम थे। चुनाव आपको लड़ना नहीं आता और दोष ईवीएम को देते हो। इसी ईवीएम से आप 99 सीटें जीते हैं, इसी ईवीएम से पंजाब में केजरीवाल, झारखंड में हेमंत सोरेन, बंगाल में ममता बनर्जी और हिमाचल, कर्नाटक, तेलंगाना में कांग्रेस जीत गई। उमर अब्दुल्ला की हथौड़ी के बाद ममता बनर्जी ने भी हथौड़ा चला दिया। उन्होंने अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी से कहलवा दिया कि ईवीएम हैक हो सकती है तो चुनाव आयोग में जाकर हैक करके दिखाओ। गांधी परिवार की हवा उनके अपने ही निकाल रहे हैं। नटवर सिंह गांधी परिवार के ख़ास उल ख़ास हुआ करते थे। ईराक से तेल की रिश्वत का खुलासा हुआ तो सोनिया गांधी ने उन्हें बलि का बकरा बनाकर मनमोहन सरकार से बाहर कर दिया था। नटवर सिंह ने अपनी किताब में सोनिया गांधी का अच्छा भंडा फोड़ा है। 14 दिसंबर को जब नरेंद्र मोदी ने संसद में गांधी परिवार का भंडा फोड़ा तो गांधी परिवार के परम भक्त मणिशंकर अय्यर ने भी सोनिया गांधी का भंडा फोड़ दिया। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार ने उनका कॅरियर बनाया तो गांधी परिवार ने ही बिगाड़ा भी। वह गांधी परिवार में किसी और की नहीं, सिर्फ सोनिया गांधी की बात कर रहे हैं।

### रोड किनारे खड़े लोगों को कार ने कुचला

**नई दिल्ली ।** उत्तर पश्चिमी दिल्ली के आदर्श नगर में एक किशोर ड्राइवर ने उस समय अफरा-तफरी मचा दी जब उसकी तेज रफ्तार कार ने कई पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी। इससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, 17 वर्षीय लड़के को पकड़ लिया गया है और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू हो गई है। सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई दुर्घटना में एक सफेद हुंडई सैंट्रो सड़क किनारे लोगों पर चढ़ती हुई दिखाई दे रही है। घायलों में 55 वर्षीय राजेश कुमार कामरा और उनका सात वर्षीय पोता मन्नत शामिल हैं।

संसद के शीतकालीन के दौरान प्रियंका गांधी वाड्रा आज फिर एक बैग लेकर पहुंचीं

# फिलीस्तीन पर घिरीं तो आज बांग्लादेश वाले बैग के साथ संसद पहुंचीं प्रियंका गांधी

एजेंसी, नई दिल्ली



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और पार्टी के कई अन्य सांसदों ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय तथा दूसरे अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार के खिलाफ सोमवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया और सरकार से उनके लिए न्याय की मांग की। उन्होंने अपने हाथ में थैला भी ले रखा था जिस पर 'बांग्लादेश के हिंदुओं और ईसाइयों के साथ खड़े हों' लिखा हुआ था. कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा सोमवार को संसद में फिलिस्तीन लिखा एक बैग लेकर पहुंचीं थी। उनके इस बैग को लेकर सियासत तेज हो गई थी। फिलिस्तीन के समर्थन को लेकर भाजपा नेताओं ने प्रियंका गांधी पर सवाल खड़े किए थे। वहीं मंगलवार को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे जुल्म के खिलाफ बैग लेकर पहुंची। प्रियंका गांधी और कई अन्य सांसद संसद भवन में 'मकर द्वार' के निकट एकत्र हुए और ''केंद्र सरकार जवाब दो'' और ''वी वांट जस्टिस'' के नारे लगाए।

कुंभ क्षेत्र में 200 से ज्यादा धार्मिक संस्थाएं सभी श्रद्धालुओं को भोजन परोसने के लिए कैंप लगाएंगी

# 70 लाख लोगों के खाने का इंतजाम, महाकुंभ में कोई नहीं सोएगा भूखा

एजेंसी, प्रयागराज



अगले साल 13 जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। महाकुंभ की तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही हैं। बताया जा है कि यहां हर रोज 70 से 80 लाख लोग पहुंच सकते हैं। इतनी बड़ी संख्या के बावजूद महाकुंभ में कोई श्रद्धालु भूखा नहीं रहेगा। इसके लिए कुंभ क्षेत्र में 200 से ज्यादा धार्मिक संस्थाएं सभी श्रद्धालुओं को भोजन परोसने के लिए कैंप लगाएंगी। अपर कुंभ मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि बड़ी संख्या में धार्मिक संगठन स्वेच्छा से सभी को निशुल्क भोजन कराते हैं। पहले भी धार्मिक संस्थाओं ने लाखों भक्तों को निशुल्क खाना खिलाया है। अब इस साल का कुंभ भी इससे अलग नहीं होगा। एडीएम विवेक चतुर्वेदी ने कहा कि स्वयंसेवी संगठन और धार्मिक संस्थाएं भक्तों को मुफ्त भोजन देने के लिए लंगर लगाने में बहुत गर्व महसूस करती हैं। यह समाज के प्रति उनकी सेवा का भाव को दर्शाता है। सेवा आश्रम और सैकड़ों अन्य संगठनों ने गंगा में पवित्र स्नान करने वाले भक्तों के लिए भोजन उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। कुंभ क्षेत्र के हर कोने में मुफ्त खाने के लिए व्यवस्था की जाती है और लंगर चलते हैं। अन्नपूर्णा नगर भी इसी का एक अंग है। धार्मिक सामाजिक संस्थाएं इस कार्य में अग्रणी हैं। महाकुंभ क्षेत्र में मौजूद 782 खालसे इसके लिए सबसे आगे रहते हैं, जहां 24 घंटे लगातार लंगर चलता है। बड़े सामाजिक और धार्मिक संगठन भी इस बार आगे आए थे। ऋषिकेश में परमार्थ निकेतन आश्रम के अध्यक्ष और आध्यात्मिक प्रमुख स्वामी चिदानंद सरस्वती बताते हैं कि हमारा शिविर नैनी रोड पर अरैल घाट पर होगा। हम एक बड़ा अन्न क्षेत्र स्थापित करेंगे, जहां हमारे कार्यकर्ता खाना पकाएंगे और परोसेंगे। उन्होंने आगे बताया कि शुरुआत में हम नाव चलाने वालों और सफाई कर्मचारियों को भोजन कराएंगे, जिन पर बहुत ज्यादा दबाव होगा। उसके बाद यह सेवा आम जनता तक बढ़ाई जाएगी। भक्तों को भोजन में सफाई से तैयार की गई रोटी, सब्जी, चावल और दाल मिलेगी। इसी तरह अक्षय पात्र फाउंडेशन और हरे कृष्ण मूवमेंट दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम के मेजबान शहर प्रयागराज में विशाल मोबाइल रसोई, खाना पकाने के बर्तन भेज रहे हैं। अक्षय पात्र फाउंडेशन के जनसंपर्क प्रमुख स्वामी अनंत वीर्य दास का कहना है कि हम मोबाइल रसोई के जरिए परेड ग्राउंड के पास लगभग 10 हजार तीर्थयात्रियों को स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराएंगे। हम 10 जनवरी से प्रसाद बांटना शुरू करेंगे। इनके साथ ही राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग मेला क्षेत्र के सभी सेक्टरों में 160 उचित मूल्य की दुकानें भी स्थापित करेगा। यहां जनवरी और फरवरी 2025 में दो बार मुफ्त राशन वितरित किया जाएगा। इसके तहत भंडारण के लिए पांच गोदाम स्थापित किए जाएंगे, जिसके लिए राज्य सरकार ने 43 करोड़ रुपये से ज्यादा देने का वादा किया है। मेला एसडीएम विवेक चतुर्वेदी बताते हैं कि कल्पवासी जो एक महीने कुंभ क्षेत्र में रहते हैं और अपना भोजन खुद बनाते हैं। इसलिए, ये 160 राशन की दुकानें उनकी जरूरतों को पूरा करेंगी।

संपादकीय

# मंदिर का सच क्या है?

**संभल** बीते दिनों शाही जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान हुई हिंसा के कारण चर्चा में था और अब एक मंदिर के चलते फिर से चर्चा में आ गया है। दावा किया गया कि 46 साल से बंद पड़े एक मंदिर को खुलवाया गया। ऐसा प्रचार किया गया, जैसे उस पर मुस्लिम समुदाय ने कब्जा कर रखा था। प्रशासन ने एक प्राचीन शिव मंदिर मिलने का दावा किया जो कथित तौर पर 1978 से बंद था। मंदिरर स्तोगी समाज का है। प्रशासन का दावा है कि अतिक्रमण के चलते मंदिर बंद पड़ा था और मंदिर में कोई भी नहीं आता था। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि अतिक्रमण का दावा सही नहीं है। फिलहाल मंदिर में पूजा-अर्चना हो रही है और आस-पास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। विष्णु शरण रस्तोगी कहते हैं कि हमारा परिवार मेरे जन्म के पहले से यहां खग्गू सराय में रहता था। 1978 के बाद हम मकान बेचकर चले गए थे। भगवान शंकर का मंदिर है और ये हमारे कुलगुरू हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे यहां आने जाने पर कभी किसी ने रोका नहीं। यहां हिंदुओं कोई आबादी नहीं थी, इसलिए सभी लोग पलायन कर गए थे। यहां से हम चले गए तो मंदिर की देखभाल कर नहीं पाए इसलिए यहां कोई पुजारी नहीं टिक पाता था। सवाल यह है कि संभल प्रशासन का दावा सही है या वह सही है, जो रस्तोगी परिवार को कह रहा है, जिनका मंदिर है? क्या शासन-प्रशासन मंदिर मामले को दूसरा एंगल देकर मामले को हिंदू-मुस्लिम बनाना चाहता है? पलायन करने वाले कुछ हिंदू परिवारों की राय प्रशासन के दावे से बिल्कुल अलग है। मंदिर से संबंध रखने वालों का यह भी कहना है कि 2006 तक इस मंदिर में पूजा-अर्चना होती थी। इस तरह प्रशासन का यह दावा भी झूठ लगता है कि मंदिर 46 साल से बंद है। रस्तोगी समाज का यह भी कहना है थ्क मंदिर तो जैसा था वैसा ही है। कोई अतिक्रमण नहीं हुआ है मंदिर पर। 1976 की फरवरी जामा मस्जिद में कथित तौर पर एक मौलाना की हत्या हुई और हत्या का आरोप एक हिन्दू युवक पर लगा। इसके बाद इलाके में दंगे हुए और महीनों तक कर्फ्यू लगा रहा था। दंगे में 150 लोग मारे गए थे। उस वक्त केंद्र और उत्तर प्रदेश में जनता पार्टी की सरकार थी। आज की भाजपा और तब के जनसंघ का जनता पार्टी में विलय हो गया था। लालकृष्ण आडवाणी सूचना प्रसारण मंत्री तो अटल बिहारी वाजपेयी विदेश मंत्री थे। संभल में ताजा हिंसा 24 नवंबर को तब भड़की थी जब मस्जिद के दूसरे सर्वे के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारी आमने-सामने आ गए थे।

**संभल प्रशासन का दावा सही है या वह सही है, जो रस्तोगी परिवार को कह रहा है, जिनका मंदिर है? क्या प्रशासन मंदिर दूसरा एंगल देकर मामले को हिंदू-मुस्लिम बनाना चाहता है?**

सामयिक

# मुफ्त की रेवड़ियां कब तक?



**शाहीन सबा**

दिल्ली में अगले दस दिनों में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है। सभी दलों ने प्रत्याशियों के ऐलान शुरू कर दिए हैं। इसी के साथ लोक लुभावन घोषणाएं भी शुरू हो चुकी हैं। तीन दिन पहले आम आदमी पार्टी सरकार ने आधी आबादी को अपने पक्ष में करने के लिए मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना का ऐलान किया है, जिसके तहत पहले हर महीने एक हजार रुपये देने की बात कही गई थी परंतु अब इसे बढ़ाकर इक्कीस सौ रुपये देने की घोषणा की गई है। वित्त विभाग की आपत्ति के बावजूद चुनाव के मद्देनजर यह ऐलान किया गया है, इससे साफ है कि भाजपा ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में लोकलुभावन योजनाओं से जिस तरह महिलाओं को अपने पक्ष किया उससे प्रेरित होकर ही अरविंद केजरीवाल दिल्ली में यह योजना लेकर आए हैं। सब कुछ नहीं तो बहुत कुछ फ्री कर देने की यह आत्मघाती सोच कई राज्यों पर बहुत भारी पड़ती रही है। देश के करीब एक दर्जन राज्य कर्ज के जाल में ऐसे फंसे हुए हैं कि उबर ही नहीं पा रहे हैं। राजनीतिक दलों को लगता है कि इससे एंटी इन्कंबैंसी फैक्टर की तीव्रता को तो कम किया ही जा सकता है। एक बड़े वर्ग का वोट हासिल करके सत्ता में बने रहने या वापसी को भी वो सुनिश्चित कर सकते हैं।

**लोकलुभावन योजनाओं का सिलसिला देश में नया तो बिल्कुल भी नहीं है। दक्षिण के राज्यों से इसकी शुरूआत हुई थी। धीरे-धीरे इस रोग को लगभग सभी दलों को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। यदि वह सब कुछ मुफ्त में बांटने के सिलसिला चल पड़ेगा तो भले ही राज्यों के पास अच्छी-खासी पूंजी हो, लेकिन जल्दी ही दरिद्रगी की स्थिति में पहुंच जाएगा।**

मध्य प्रदेश में लाड़ली योजना ने बहुत बड़ा अंतर कर दिया था, ऐसा राजनीति के जानकारों का मानना है। कांग्रेस कहना था कि ज्योतिरादित्य सिंधिया के कांग्रेस छोड़ने और उनके बाईस समर्थक विधायकों के बगावत कर देने से जिन स्थितियों में कमलनाथ सरकार का पतन हुआ, वह सीधे सीधे भाजपा की करतूत थी। बाद में सिंधिया को केन्द्र में मंत्री बनाकर पुरस्कृत किया गया और उनके साथी विधायकों को राज्य में बनी शिवराज सिंह चौहान सरकार में मंत्री पदों से नवाजा गया। कांग्रेस का मानना था कि इस तरह की राजनीतिक सौदेबाजी को आम जनता अनैतिक मानती रही है और जब भी विधानसभा चुनाव होंगे, वह अपनी नाराजगी का खुलकर अहसास करा देगी लेकिन लाड़ली बहना योजना ने बड़ा अंतर कर दिया। जो लोग मानकर चल रहे थे कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस की वापसी होगी, उन्हें यह देखकर झटका लगा कि भाजपा ने वहां प्रचंड विजय हासिल कर ली है। छत्तीसगढ़ में महतारी योजना का भी सीधा असर महिला मतदाताओं पर दिखाई दिया। अधिकांश विष्लेषकों का मानना था कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में अच्छा कार्य हुआ है और कांग्रेस वहां निरंतरता में दूसरी बार सरकार बना सकती है परंतु वैसा नहीं हुआ और भाजपा की वापसी हो गई। उस अविश्वसनीय लगने वाली शानदार जीत में महतारी योजना की अहम भूमिका मानी गई।



महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले जून में लाड़की बहना योजना लाई गई, जिसमें पंद्रह सौ रुपये महीना देने का प्रावधान किया गया। इससे पहले हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति को बड़ा झटका लग चुका था। अड़तालीस लोकसभा सीटों में से इकत्तीस सीटों पर इंडिया अलायंस के घटक दलों की सफलता मिली थी जबकि महायुति को मात्र सत्रह सीटों पर सफलता प्राप्त हो सकी। यह खतरे का संकेत था, इसलिए भाजपा ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का जीत का फामूर्ला वहां भी लागू करने का फैसला किया। नतीजा सबके सामने है। ऐसा नहीं है कि इन तीन राज्यों में भाजपा और सहयोगी जीते हैं तो उसकी एकमात्र वजह महिलाओं के लिए लागू की गई लोकलुभावन योजनाएं ही रही होंगी। निश्चित ही जीत के दूसरे कारक भी रहे होंगे परंतु हमने देखा है कि जब भी कोई फिल्म सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करती है, तब उसी तरह की विषय वस्तु ( फामूर्ले ) पर आधारित फिल्मों की बाढ़ सी आ जाती है। ऐसा लगता है कि भारतीय राजनीति को भी अब वही रोग लग गया है। दिल्ली में केजरीवाल इस योजना के जरिए महिलाओं के बल पर सत्ता विरोधी रुझान को कुंद करके वापसी के प्रयास करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

2013 से आम आदमी पार्टी दिल्ली की सत्ता में है। अधिकांश समय वही मुख्यमंत्री रहे हैं। तिहाड़ से रिहाई की जो शर्तें सुप्रीम कोर्ट ने लगाई हैं, उनके कारण उन्हें पद छोड़ना पड़ा। सीएम बने रहते तो यह योजना लागू ही नहीं कर पाते, इसलिए आतिशी को मुख्यमंत्री बनाकर उन्होंने योजना लागू करने का ऐलान कर दिया। यह अलग बात है कि वित्त विभाग ने जल्दबाजी में लाई गई इस भारी भरकम खर्चे वाली योजना का विरोध किया है परंतु आतिशी सरकार इसे चुनाव की घोषणा से ठीक पहले घोषित करने का मन बना चुकी थी। केजरीवाल ने इसका ऐलान करते हुए कहा कि परिणाम आने और सरकार बनने पर ही इस जमीन पर उतारा जाएगा। जाहिर है, वह दिल्ली की आधी आबादी को संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि हर महीने इक्कीस सौ रुपये चाहिए तो आम आदमी पार्टी की फिर से सरकार बनवाइए। हाल ही में एक जन समुदाय को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री आतिशी भी यह कहते हुए देखी गई हैं कि हमें पता है कि आपको पानी के बहुत अधिक बढ़े हुए बिल मिले हैं। यह माफ किए जा सकते हैं परंतु इसके लिए फिर से हमारी सरकार बनना जरूरी है। दलों की यह ऐसी युति है, जिसके बल पर वह जनता को अपने पक्ष में मतदान के लिए विवश करते हैं।

अब इसके दूसरे पहलुओं पर गौर करते हैं। लोकलुभावन योजनाओं का सिलसिला देश में नया तो बिल्कुल भी नहीं है। दक्षिण के राज्यों से इसकी शुरूआत हुई थी। धीरे-धीरे इस लाइलाज दिखाई दे रहे रोग को लगभग सभी दलों को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। कोई परिवार हो, घर हो, समाज हो, तहसील-जिला या प्रदेश हो, यदि वह सब कुछ मुफ्त में बांटने के रास्ते पर चल पड़ेगा तो भले ही उसके पास अच्छी-खासी पूंजी हो, जल्दी ही दरिद्रगी की स्थिति में पहुँच जाएगा। कर्ज लेकर घी पीने वाली कहावत आपने सुनी होगी। सत्ता में बने रहने अथवा पावर हासिल करने के लिए यदि आप सरकारी खजाने पर मुफ्त की रेवड़ियां बांटकर असहनीय भार डालने की नीति पर चल रहे हैं तो इससे किसी का भी भला नहीं होता। खजाने का पैसा जनता की जेब से ही वहां पहुंचता है तरह-तरह के टैक्स कलेक्शन से। जो पैसा विकास कार्यों पर खर्च होना चाहिए, वह यदि केवल और केवल वोट हटोरने के लिए खर्च किया जाए तो इसे कोई भी तर्कसंगत और सही नहीं ठहरा सकता।

देखने में आ रहा है कि कई राज्य आकंठ कर्ज के बोझ में दब गए हैं और उनके पास कर्मचारियों को समय पर वेतन-पेंशन देने तक के लिए पैसा नहीं रह गया है, ऐसे में यह ठहरकर सोचने समझने और पुर्नविचार करने का समय है। राज्यों पर कर्ज का बोझ सिर्फ राज्यों पर नहीं, देश पर भी बोझ होता है। देश के नागरिकों के सिर पर भी स्वतः बोझ होता है। आत्मघाती नीतियां हो सकता है कि किसी को क्षणिक सफलता दिला दे परंतु उसके दरगामी नतीजे बहुत खतरनाक होते हैं।


पाठकवाणी

## संविधान गर्व का विषय

भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, संविधान का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर, लोकसभा में बहस चल रही है, जिसमें सांसदों अपने विचार व्यक्त कर रहे हैं। हालांकि, इस चर्चा के दौरान, आरोप और प्रत्यारोप की राजनीति एक बार फिर से सामने आई। यह सवाल उठता है कि 75 वर्ष बाद भी, क्या हमारी सांसद परिपक्व नहीं हुई हैं या उसकी गरिमा में निरंतर गिरावट आती जा रही है? इस चर्चा का क्या लाभ होगा? इस चर्चा का मुख्य उद्देश्य संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों पर चर्चा करना था, लेकिन दुर्भाग्य से, यह चर्चा राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप में बदल गई। इस चर्चा का लाभ यह हो सकता है कि यह हमें अपने संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों को याद दिलाती है। यह हमें यह भी याद दिलाती है कि हमारे लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखने के लिए, हमें अपने विचारों को व्यक्त करने के दौरान गरिमा और सम्मान का पालन करना चाहिए। इस चर्चा के माध्यम से, हमें यह भी याद रखना चाहिए कि हमारे संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए, हमें अपने राजनीतिक मतभेदों को भूलना होगा और देश के हित में काम करना होगा। संविधान का अमृत महोत्सव एक अवसर है आत्म-चिंतन के लिए। यह हमें अपने संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों को याद दिलाता है।

-**मधु सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम, एमपी

कुछ खास



सेना के मुख्यालय से वो तस्वीर उतार दी गई, जिसमें पाकिस्तान की सेना, भारत की सेना के सामने आत्मसमर्पण कर रही है। ये वीर सैनिकों का अपमान है। ये देश का मुद्दा है, देश के लिए गर्व की बात है। इसमें राजनीति क्यों की जा रही है? तस्वीर वहां वापस लगाई जाए।

-**प्रियंका गांधी**, कांग्रेस सांसद

आज का ट्वीट



''सपा संभल पर चर्चा करना चाहती थी लेकिन पक्षपाती रवैया अपनाते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने इसे फालतू मुद्दा बता दिया। इस मुद्दे पर चर्चा करने से इनकार कर दिया ये दुर्भाग्य है ऐसा व्यक्ति चेयर पर है।''

-**शिवम यादव**

साइबरवर्ल्ड

## चुनाव प्रधानमंत्री के लिए नहीं था

**जिन्होंने** खुद आडवाणी को अपने रास्ते से हटाकर, एक तरह से उन्हें कारावासी मार्गदर्शक मंडल में डाल दिया, वे आज गांधी के पटेल की जगह नेहरू को प्रधानमंत्री बनाने के निर्णय पर सवाल उठा रहे हैं! कौन नहीं जानता जिनकी वजह से वे आज एक हैसियत में हैं, उसी के लिए उन्होंने मार्गदर्शक मंडल ईजाद किया और अब दूसरों को ज्ञान दे रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री का कहना है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटियों ने पटेल को प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपनी राय दी थी, बावजूद इसके नेहरू को प्रधानमंत्री बना दिया गया। हालांकि यहां भी वे सुविधावादी दृष्टि अपनाते हुए गांधी को नहीं, वरन नेहरू को ही कठघरे में खड़ा करते हैं। क्योंकि नेहरू का चरित्र हनन करने के उसके अपने लाभ हैं। गांधी का चरित्र हनन करने का काम उन्होंने अपने पार्टी वालों को दे रखा है। यहां बताते चले कि वह चुनाव, कांग्रेस के अध्यक्ष पद का चुनाव था, न कि प्रधानमंत्री के पद का। नेहरू कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में गांधी की पसंद थे, सो वे अध्यक्ष बने। यहां झूठ पर झूठ बोला जा रहा है और वह भी देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद में। अरे भाई इतिहास में कब प्रधानमंत्री पद के लिए कांग्रेस कमेटियों से राय ली गई? कहीं लिखा हो तो दिखाइए। जो राय ली गई थी, वह कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए थी न कि प्रधानमंत्री पद के लिए। कांग्रेस के तत्कालीन महासचिव आचार्य कृपलानी नेहरू के चुने जाने पर लिखते हैं, 'पार्टी का महासचिव होने के नाते में गांधी की मर्जी का काम यंत्रवत कर रहा था और उस वक्त मुझे ये बहुत बड़ी चीज नहीं लगी। आखिर ये एक अध्यक्ष का ही तो चुनाव था।' जब कृपलानी जैसे बड़े नेता इस घटना (कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव) को सिर्फ अध्यक्ष से जोड़कर देख रहे थे, तब आप प्रांतीय कमेटियों के साधारण नेताओं से यह अपेक्षा कैसे कर सकते हैं कि उन्होंने प्रधानमंत्री के पद के लिए ही वोटिंग की थी। अगर मान भी लिया जाए कि उस समय अध्यक्ष बनने वाला शख्स ही प्रधानमंत्री बनता, तब भी यह बात कम से कम प्रांतीय कमेटियों के नेताओं को तो नहीं ही पता थी।

-**संजीव शुक्ल** की फेसबुक वॉल

अमृतवाणी

## दिन और रात

**जब** सृष्टि की शुरूआत ही हुई थी। दिन और रात नाम के दो प्रेमी थे। दोनों में खूब गहरी पटती पर दोनों का स्वभाव बिल्कुल ही अलग-अलग था। आमने-सामने पड़ते ही दिन और रात में हमेशा बहस शुरू हो जाती। दिन कहता काम ज्यादा जरूरी है और रात कहती आराम। दोनों अपनी-अपनी दलीलें रखते, समझने और समझाने की कोशिश करते पर किसी भी नतीजे पर न पहुंच पाते। हारकर दोनों अपने रचयिता के पास पहुँचे। भगवान ने दोनों की बातें बड़े ध्यान से सुनीं और कहा कि मुझे तो तुम दोनों का महत्व बिल्कुल बराबर का लगता है तभी तो मैंने तुम दोनों को ही बनाया और अपनी सृष्टि में बराबर का आधा-आधा समय दिया। गुण-अवगुण कुछ नहीं, एक ही पहलू के दो दृष्टिकोण हैं। हर अवगुण में गुण बनने की क्षमता होती है। पर रात और दिन को उनकी बात समझ में न आई और वहीं पर फिर से उनमें वही तू-तू, मैं-मैं शुरू हो गई। हारकर भगवान ने समझाने की बजाय, थोड़े समय के लिए रात को दिन के उजाले वाली चादर दे दी और दिन को रात की अंधेरे वाली, ताकि दोनों रात और दिन बनकर खुद ही फैसला कर सकें। एक दूसरे के मन में जाकर दूसरे का स्वभाव और जरूरतें समझ सकें। तकलीफ और खुशियां महसूस कर पाएं। और उस दिन से आजतक सुबह बनी रात जल्दी-जल्दी अपने सारे काम निपटाती है और रात बने दिन को आराम का महत्व समझ में आने लगा है। अब वह रात को निठल्ली और आलसी नहीं कहता बल्कि थकने पर खुद भी आराम करता है। सुनते हैं अब तो दोनों में कोई बहस भी नहीं होती। दोनों ही जान जो गए हैं कि अपनों में छोटा या बड़ा कुछ नहीं होता। इस दुनिया में कोई भी व्यक्ति कम या ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं। सबके अपने-अपने काम हैं, अपनी-अपनी योग्यता और जरूरतें हैं।



तीखी नजर

## अटकलों का बाजार रहता सदाबहार



राजेंद्र बज

एक तो बेरोजगारी और ऊपर से व्यापारिक मंदी के बावजूद अटकलों के बाजार की सरगर्मी कभी थमने का नाम नहीं लेती। यदि आदमी के पास अटकलें लगाने का हुनर नहीं होता, फुरसत के वक्त को काटना ही मुश्किल हो जाता। अटकलों का गणित कुछ ऐसा होता है कि कहीं से कहीं का कोई मामला जोड़कर मनचाहा निष्कर्ष निकाला जा सकता है। इसमें तर्क की कोई गुंजाइश नही होती। एक प्रकार से कुतर्क को ही तर्क के रूप में तार्किक रूप से स्वीकार कर लिया जाता है। और किसी को हो न हो, अटकल पर अटकल लगाने वाले का विश्वास पुख्ता हुआ करता है। इनके इसी विश्वास के चलते जमाने में कुछ लोग अटकलों पर विश्वास कर बैठते है।

आमतौर पर अटकलें एकतरफा हुआ करती हैं। इसके लक्षण देखे जाते हैं, पुष्टि नहीं की जाती। वैसे राजनीति की बात अलग है, इसमें तो चाहे कैसी भी अटकलें लगाओ, एक न एक दिन तो वह सही साबित हो ही जाती है। कभी-कभी डूबते को तिनके के सहारे के रूप में अटकलें काम आ जाती है। अटकल भी एक प्रकार का गणित होता है, जिसमें आदमी की कल्पना शक्ति का कमाल दिखाई देता है। अटकल लगाने के लिए और कुछ नहीं बस 'चूंकि और इसलिए' के गणित पर काम करना होता है। हर एक आदमी के निजी जीवन के बारे में इतनी अटकलें लगाई जा चुकी होती है-जिसका अंदाजा स्वयं वह आदमी भी नहीं लगा सकता।

ऐसा है, इसलिए ऐसा है, इसलिए ऐसा ही है, इन तीन बिंदुओं पर गहन रूप से विचार मंथन करने के उपरांत अटकलों का जन्म होता है। किसी भी अटकल को पूरी तरह खारिज किया जाना आजकल के दौर में सहज संभव नहीं है। इस नाते कहा जा सकता है कि अटकल के हाथ पैर होते हैं। क्योंकि हर अटकल के पीछे कुछ न कुछ उससे संबंधित तथ्य जुड़े होते हैं। जिसके चलते आम आदमी अटकल पर विश्वास करने को विवश हो जाता है। वैसे बाजार में झूठ अधिक समय तक टिकता नहीं, लेकिन अटकल दीर्घजीवी हुआ करती है। कुछ कान के कच्चे लोग अटकल पर सहज ही विश्वास कर बैठते हैं।

आजकल तो इतने ज्ञानीजन हो गए हैं कि अटकल पर अटकल लगाते चले जाते हैं। इनके लिए किसी की कुंडली देखना जरूरी नहीं है, इनके अध्ययन का तरीका ही कुछ अलहदा हुआ करता है। कुछ लोग अटकल और अफवाह को एक दूसरे का पर्यायवाची मान लेते है। लेकिन ऐसा नहीं है। दरअसल अटकल किसी न किसी तथ्य पर आधारित रहा करती है। एक प्रकार से अटकल एक गणितीय प्रक्रिया है। जिसमें यह बिंदु काम करता है कि ऐसा है इसलिए ऐसा है, और ऐसा है इसलिए ऐसा ही है। लेकिन अफवाह में ऐसा नहीं होता। एक प्रकार से अफवाह में दुर्भावना का अंश हुआ करता है। वैसे भी किसी की तरक्की को लेकर कोई क्या अफवाह फैलाएगा वह तो अटकल ही लगा सकता है। अटकलों का बाजार अक्सर गर्म रहता है।

स्मृति शेष

# उस्ताद जाकिर हुसैन एक संगीत साधक



दिलीप कुमार पाठक

महान तबला वादक जाकिर हुसैन साहब को ब्लड प्रेशर की परेशानी के कारण अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के एक हस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उन्होंने आखिरी सांस ली। कुछ दिन पहले ही उन्हें हार्ट की दिक्कत भी हुई थी। महान तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन साहब का अमेरिका में निधन होने की खबर आने के बाद पूरे मुल्क में शोक।I गया। जाकिर हुसैन साहब जैसी शख्सियतें युगों में कभी जन्म लेती हैं। उस्ताद जाकिर हुसैन साहब का जाना सचमुच एक युग का अंत हो जाना है। जाकिर हुसैन अपने आप में संगीत का एक युग थे। ये हिंदुस्तान का बहुत बड़ा नुकसान है। पीढ़ियां इस बात पर सीना चौड़ा करेंगी कि ऐसा पुष्प हिन्द के आंगन में उगा था, जिसके संगीत की खुशबू से पूरी दुनिया महकती है। ऐसा कोई व्यक्ति नहीं जो जाकिर हुसैन साहब की थापों पर फिदा न हुआ हो। जैसे आज आश्चर्य होता है कि सुर सम्राट तानसेन क्या भारत में ही पैदा हुए थे? आने वाले दौर में बच्चे गर्व करेंगे कि महान तबला उस्ताद हमारे वतन के थे। तब ही तो साहित्यकार शायर ध्रुव गुप्त उस्ताद जाकिर हुसैन साहब की महान शख्सियत को याद करते हुए कहते हैं-*कभी बारिश, कभी तूफां, कभी बिजली की कड़क*
*वो उंगलियां थीं कि कुदरत का करिश्मा थीं, हुजूर!*

उस्ताद जाकिर हुसैन अक्सर कहा करते हैं कि भारतीय शास्त्रीय संगीत स्टेडियम के लिए नहीं है, बल्कि यह कमरे का संगीत है। हालांकि ये भी सच है शायद ही कोई देश बचा हो, जहां जाकिर हुसैन साहब ने अपना शो नहीं किया और श्रोताओ को अपनी कला का दीवाना ना बनाया हो। उस्ताद जाकिर हुसैन मशहूर तबला वादक कुरैशी अल्ला रक्खा खान के पुत्र थे। अल्ला रक्खा खान भी तबला बजाने में माहिर माने जाते थे। जाकिर हुसैन जब अपनी उंगलियों और हाथ की थाप से तबला बजाते थे तो मंत्रमुग्ध कर देते थे। उनके तबले के सुर को सुन लोग मदहोश हो जाते हैं और कहते हैं 'वाह उस्ताद'। हालांकि टेलीविजन पर आता ताज चाय का विज्ञापन भी उन्हें नई पीढ़ी में खासा लोकप्रिय बनाता था। आज अधिकांश लोग उस स्लोगन के साथ उस्ताद को याद कर रहे हैं।

जाकिर हुसैन ने देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में अपनी कला का परचम लहराया है। खुद का नाम तो रोशन किया ही बल्कि अपने राष्ट्र का मान बढ़ाया। हमारी पीढ़ी के लोगों के लिए तबला का दूसरा नाम उस्ताद जाकिर हुसैन ही रहा है। उस्ताद बिस्मिल्ला खान की शहनाई, हरि प्रसाद चौरसिया की बांसुरी, पंडित शिव शर्मा का संतूर... इसी तरह तबला उस्ताद जाकिर हुसैन साहब के साथ जुड़ा हुआ है। जीवन में इतनी प्रसिद्धि पाने के बाद भी उस्ताद को सादगी से रहना पसंद करते थे। और वह अक्सर जमीन से जुड़े रहते थे। महान लोगों की महान बातें जाकिर हुसैन साहब को कोई उस्ताद कहता तो असहज हो जाते थे और बड़ी शालीनता के लिए कहते-भाई मैं उस्ताद नहीं हूं मुझे आप जाकिर या जाकिर भाई कहो, उस्ताद कभी बनना भी नहीं चाहूंगा, मैं हमेशा शागिर्द बनकर रहना चाहता हूं। तबला के महान विद्वान खुद को उस्ताद मानते ही नहीं थे, ये शालीनता उन्हें बहुत अलहदा अद्वितीय कलाकार बनाती है।

**जाकिर हुसैन के अंदर बचपन से ही धुन बजाने का हुनर था। वे कोई भी सपाट जगह देखकर उंगलियों से धुन बजाने लगते थे। यहां तक कि किचन में बर्तनों को भी नहीं छोड़ते थे। तवा, हांडी और थाली, जो भी मिलता, वे उस पर हाथ फेरने लगते थे।**



उन्होंने अपने जीवन में कई संघर्षों के बाद यह मुकाम पाया है। जाकिर हुसैन के अंदर बचपन से ही धुन बजाने का हुनर था। वे कोई भी सपाट जगह देखकर उंगलियों से धुन बजाने लगते थे। यहां तक कि किचन में बर्तनों को भी नहीं छोड़ते थे। तवा, हांडी और थाली, जो भी मिलता, वे उस पर हाथ फेरने लगते थे। शुरुआती दिनों में उस्ताद जाकिर हुसैन ट्रेन में यात्रा करते थे। पैसों की कमी की वजह से जनरल कोच में चढ़ जाते थे। सीट न मिलने पर फर्श पर अखबार बिछाकर सो जाते थे। तबले पर किसी का पैर न लगे, इसलिए उसे अपनी गोद में लेकर सो जाते थे। ऐसा समर्पण जब किसी कलाकार में आ जाता है तो वो किवदंती बन जाता है। केवल 12 साल की उम्र में 5 रुपए मिले थे जब जाकिर हुसैन 12 साल के थे, तब अपने पिता के साथ एक कॉन्सर्ट में गए थे। उस कॉन्सर्ट में पंडित रविशंकर, उस्ताद अली अकबर खान, बिस्मिल्लाह खान, पंडित शांता प्रसाद और पंडित किशन महाराज जैसे संगीत की दुनिया के दिग्गज पहुंचे थे। जाकिर हुसैन अपने पिता के साथ स्टेज पर गए। परफॉर्मेंस खत्म होने के बाद जाकिर को 5 रुपए मिले थे। एक इंटरव्यू में उन्होंने इस बात का जिक्र करते हुए कहा था-मैंने अपने जीवन में बहुत पैसे कमाए, लेकिन वे 5 रुपए सबसे कीमती थे।

अमेरिका में भी जाकिर हुसैन को बहुत सम्मान मिला। 2016 में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उन्हें ऑल स्टार ग्लोबल कॉन्सर्ट में भाग लेने के लिए व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया था। जाकिर हुसैन पहले इंडियन म्यूजिशियन थे, जिन्हें यह इनविटेशन मिला था। उस्ताद जाकिर हुसैन को 1988 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था, तो सबसे कम उम्र के कलाकार थे। 2002 में पद्म भूषण और 2023 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। उन्हें 2009 में पहला ग्रैमी अवॉर्ड मिला था। 2024 में उन्होंने 3 अलग-अलग एल्बम के लिए 3 ग्रैमी भी जीते। संगीत की दुनिया में उस्ताद जाकिर हुसैन साहब आप ध्रुव तारे की तरह चमकते रहेंगे। आपकी उंगलियों से निकलता संगीत पूरी दुनिया के बीच आपको ज़िन्दा रखेगा।

# भारतीय टीम को रोहित-राहुल का सहारा

## मिचेल स्टार्क ने झटके दो विकेट, किंग कोहली ने फिर किया निराश, भारत ने चार विकेट पर बनाए 51 रन




### भारतीय टीम अभी भी ऑस्ट्रेलिया के स्कोर से 394 रन पीछे

### बुमराह ने झटके छह विकेट ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 445 रन

● ब्रिसबेन,

**भारत** ने तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन सोमवार सुबह ऑस्ट्रेलिया को 445 के स्कोर पर रोकने के बाद यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली और ऋषभ पंत के विकेट गवां कर संकट में है। दिन का खेल समाप्त होने के समय भारत ने चार विकेट पर 51 रन बना लिये है और वह अभी भी ऑस्ट्रेलिया के स्कोर से 394 रन पीछे है। के एल राहुल (नाबाद 33) और कप्तान रोहित शर्मा (नाबाद 00) क्रीज पर मौजूद है। भारतीय टीम को अब मैच में परिणाम के लिए कप्तान रोहित शर्मा और के एल राहुल की सहासिक पारी का इंतजार रहेगा।

सोमवार सुबह ऑस्ट्रेलिया ने रविवार के सात विकेट पर 405 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। जसप्रीत बुमराह ने मिचेल स्टार्क (18) को आउट कर भारत को आठवीं सफलता दिलाई। इसके बाद मोहम्मद सिराज ने नेथन लायन (02) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। आकाश दीप ने एलेक्स कैरी (70) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी का 445 के स्कोर पर अंत किया। भारत की ओर जसप्रीत बुमराह ने छह और मोहम्मद सिराज ने दो विकेट लिये। नीतीश कुमार रेड्डी और आकाश दीप ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम शुरुआत



अच्छी नहीं रही और मिचेल स्टार्क ने पहले ही ओवर में यशस्वी जायसवाल (04) को आउटकर भारत को पहला झटका दिया। तीसरे ओवर में स्टार्क ने शुभमन गिल (01) को भी अपना शिकार बना लिया। आठवें ओवर में जॉश हेजलवुड ने विराट कोहली (03) को आउट कर दिया। इस समय टीम का स्कोर मात्र 22 रन था। इसके बाद के एल राहुल और ऋषभ पंत ने पारी को संभालने का प्रयास किया। भारत ने 13 ओवर के बाद बारिश के कारण खेल रोके जाने के समय तीन विकेट पर 39 रन बना लिये थे। इसके बाद खेल शुरु होने पर 14वें ओवर में भारत ने ऋषभ पंत (09) का विकेट गवां दिया।

ऋषभ पंत को कमिंस ने विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच आउट कराया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क ने दो विकेट लिये। जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| उस्मान ख्वाजा का पंत बो बुमराह | 21 | 54 | 3 | 0 |
| मैकस्वीनी का कोहली बो बुमराह | 09 | 49 | 1 | 0 |
| लाबुशेन का कोहली बो नीतीश | 12 | 55 | 0 | 0 |
| स्टीव स्मिथ का रोहित बो बुमराह | 101 | 190 | 12 | 0 |
| हेड का पंत बो बुमराह | 152 | 160 | 18 | 0 |
| मार्श का कोहली बो बुमराह | 05 | 16 | 0 | 0 |
| कैरी का गिल बो आकाश दीप | 70 | 88 | 7 | 2 |
| पैट कमिंस का पंत बो सिराज | 20 | 33 | 1 | 0 |
| मिचेल स्टार्क का पंत बो बुमराह | 18 | 30 | 1 | 1 |
| नेथन लायन बोल्ड सिराज | 02 | 30 | 0 | 0 |
| जॉश हेजलवुड नाबाद | 00 | 3 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 35 रन

कुल: 117.1 ओवर में 445 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन: 1-31, 2-38, 3-75, 4-316, 5-326, 6-327, 7-385, 8-423, 9-445, 10-445

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह | 28 | 9 | 76 | 6 |
| मोहम्मद सिराज | 23.2 | 5 | 97 | 2 |
| आकाश दीप | 29.4 | 5 | 95 | 1 |
| नीतीश कुमार रेड्डी | 13 | 1 | 65 | 1 |
| रवींद्र जडेजा | 23 | 2 | 95 | 0 |

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का मार्श बो स्टार्क | 04 | 2 | 1 | 0 |
| केएल राहुल नाबाद | 33 | 64 | 4 | 0 |
| गिल का मार्श बो स्टार्क | 01 | 3 | 0 | 0 |
| कोहली का कैरी बो हेजलवुड | 03 | 16 | 0 | 0 |
| ऋषभ पंत का कैरी बो कमिंस | 09 | 12 | 0 | 0 |
| रोहित शर्मा नाबाद | 00 | 6 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 01 रन

कुल : 17 ओवर में चार विकेट पर 51 रन

विकेट पतन: 1-4 (यशस्वी जयसवाल, 0.2 ओवर), 2-6 (शुभमन गिल, 2.1 ओवर), 3-22 (विराट कोहली, 7.2 ओवर), 4-44 (ऋषभ पंत, 13.5 ओवर)

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल स्टार्क | 8 | 1 | 25 | 2 |
| जोश हेजलवुड | 5 | 2 | 17 | 1 |
| पैट कमिंस | 2 | 0 | 7 | 1 |
| नाथन लियोन | 1 | 0 | 1 | 0 |
| ट्रैविस हेड | 1 | 0 | 1 | 0 |

## कमेंटेटर ने बुमराह को बंदर कहा, फिर माफी मांगी

ब्रिसबेन, वार्ता : इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटर और फॉक्स स्पोर्ट्स की कमेंटेटर ईसा गुहा ने जसप्रीत बुमराह से नस्लीय टिप्पणी के लिए माफी मांगी है। ईसा ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के गाबा टेस्ट के दूसरे दिन रविवार, 15 दिसंबर को कमेंट्री के दौरान बुमराह के लिए प्राइमेट शब्द का इस्तेमाल किया था। प्राइमेट का एक अर्थ बंदर भी होता है। इसके बाद मामला तूल पकड़ने लगा तो ईसा ने बुमराह से माफी मांग ली। ईसा गुहा फिलहाल बेस्ट विमेन कमेंटेटर में से एक हैं। वे दुनियाभर की लीग, सीरीज और आईसीसी टूर्नामेंट्स में कमेंट्री करती नजर आती हैं। ईसा गुहा बोलीं कि अगर मेरे शब्द से ठेस पहुंची तो उसके लिए माफी मांगती हूं। ईसा ने गाबा में दूसरे दिन बुमराह की तारीफ करते हुए उन्हें 'मोस्ट वैल्यूएबल प्राइमेट' कहा था। इसके बाद ईसा ने तीसरे दिन का खेल शुरू होते ही माफी मांग ली। उन्होंने कहा कि रविवार को मैंने कमेंट्री के दौरान एक शब्द का इस्तेमाल किया था, जिसके कई अर्थ होते हैं। सबसे पहले मैं माफी मांगती हूं। अगर मैंने कुछ गलत कहा या किसी को ठेस पहुंची तो उसके लिए माफी। उन्होंने आगे कहा कि मैं सभी की इज्जत करती हूं, अगर आप कमेंट्री की पूरी ट्रांसक्रिप्ट सुनेंगे तो आप पाएंगे कि मैं भारत के महान खिलाड़ियों की तारीफ कर रही थी। मैं समानता में विश्वास रखती हूं।

## जायसवाल, गिल और पंत ने भी फिर किया निराश

ब्रिसबेन, वार्ता : यशस्वी जायसवाल ने भारतीय पारी की शुरूआत चौके से की। उन्होंने मिचेल स्टार्क की पहली गेंद पर चौका जमाया। हालांकि, वे अगली ही गेंद पर आउट हो गए। उन्हें स्टार्क ने मिचेल मार्श के हाथों कैच कराया दिया। भारतीय टीम ने दूसरा विकेट शुभमन गिल के रूप में गवांया वो एक रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मिचेल स्टार्क ने मिचेल मार्श के हाथों कैच कराया। फिर 8वें ओवर में भारतीय टीम ने तीसरा विकेट गंवा दिया है। यहां विराट कोहली 3 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोश हेजलवुड ने विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराया। इस प्रकार गाबा टेस्ट के तीसरे दिन का पहला सेशन ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा। इस सेशन में 62 रन बने और 6 विकेट गिरे। इनमें ऑस्ट्रेलिया ने 40 रन बनाने में आखिरी 3 विकेट गंवाए। जबकि भारत ने 22 रन बनाने में टॉप-3 विकेट गंवा दिए हैं। भारत के पहली पारी के 10वें ओवर में फिर बारिश आ गई। जिसकी वजह से खेल रुका हुआ है। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया के ऑलआउट होने के बाद बारिश आ गई थी और खेल रोकना पड़ा था। बारिश बंद होने के बाद जब खेल शुरू हुआ तो केएल राहुल ने पैट कमिंस के ओवर की पहली बॉल पर चौका जमाया।

## सार संक्षेप

### राशिद खान की जिम्बाब्वे सीरीज के लिए अफगानिस्तान टेस्ट टीम में वापसी



**काबुल** : अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान की जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली आगामी दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम में वापसी हुई है। चोट के कारण तीन साल से अधिक समय बाद टेस्ट टीम में राशिद की वापसी हुई वहीं ऑलराउंडर इस्मत आलम, बाएं हाथ के स्पिनर जहीर शहजाद और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बशीर अहमद अफगान सहित सात अनकैप्ड खिलाड़ियों को टीम में जगह दी गई हैं। टीम के चयन को लेकर अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के अंतरिम मुख्य चयनकर्ता अहमद शाह सुलेमानखिल ने एक बयान में कहा कि राशिद खान की टेस्ट टीम में वापसी हुई है, जो हमारे लाल गेंद के खेल के लिए एक आशाजनक संकेत है। उन्होंने कहा कि हाल ही में नांगरहार प्रांत में टीम के बाकी सदस्यों ने अच्छी तैयारी की। इस दौरान 19 खिलाड़ी और सभी सहायक कर्मचारी शामिल थे। उन्होंने कहा कि हमने कार्यवाही की पूरी तरह से निगरानी की है और टीम का चयन किया है। टीम में इस्मत आलम, बशीर अहमद और जहीर शहजाद सहित कई नए चेहरे शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में अहमद शाह अब्दाली प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया है। नासिर जमाल, जिया उर रहमान और मोहम्मद इब्राहिम को रिजर्व खिलाड़ी के रूप में रखा गया है।

### पाकिस्तान के तेज गेंदबाज इरफान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद इरफान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इरफान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करते हुए कहा कि मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि मैं अपने क्रिकेट करियर के दौरान मिले प्रेम, उत्साह और अविस्मरणीय यादों के लिए अपने साथियों, कोचों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि मैं उस खेल का समर्थन और जश्न मनाना जारी रखूंगा जिसने मुझे सब कुछ दिया है। इरफान 36 घंटे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले तीसरे पाकिस्तानी क्रिकेटर हैं। 42 वर्षीय इरफान लंबे समय से घरेलू क्रिकेट में सक्रिय हैं, हाल ही में वे प्रेसिडेंट कप में खान रिसर्च लैबोरेटरीज का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इरफान ने पाकिस्तान के लिए चार टेस्ट मैच, 60 एकदिवसीय और 22 टी-20 मैच खेले हैं। उन्होंने चार टेस्ट मैचों में 10 विकेट, 60 एकदिवसीय मैचों में 83 और टी-20 में 16 विकेट लिए।

## गावस्कर ने कोहली को सचिन की पारी याद दिलाई

● ब्रिसबेन,

**पूर्व** भारतीय खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने विराट कोहली को सचिन की सिडनी में खेली गई नाबाद 241 रन की पारी को याद करने को कहा है। कोहली गाबा टेस्ट के तीसरे दिन 3 रन बनाकर कवर ड्राइव खेलते हुए आउट हुए थे।

कुछ ऐसा ही वाकया 2003-04 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सचिन के साथ हो रहा था। जिसके बाद उन्होंने सिडनी टेस्ट में बिना कवर ड्राइव खेले कंगारुओं के खिलाफ 241 रन बनाए थे और लगातार ऑफ स्टंप की बाहर की गेंद को छोड़ा था। गाबा टेस्ट में बारिश से प्रभावित रहे तीसरे दिन में ऑस्ट्रेलियाई पेसर हेजलवुड ने कोहली को विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच कराया। सोमवार तक स्टंप्स तक भारत मुश्किलों में फंस गया है। टीम 4 विकेट खोकर मात्र 51 रन बना सकी हैं। विराट कोहली तीसरे टेस्ट में कवर ड्राइव खेलते हुए आउट हुए। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में कोहली ने अब तक 5, नाबाद 100, 7, 11, और 3 रन की पारियां खेली है। गावस्कर ने कहा कि उन्हें (कोहली) को जरुरत है की वह अपने हीरो सचिन तेंदुलकर की सिडनी की पारी को देखें। सचिन ने उस मैच में 436 गेंद खेलकर 241 रन बनाए थे।



जिसमें 33 चौके शामिल थे। कोहली भी उसी दौर से गुजर रहे हैं, जैसे तेंदुलकर 2003-04 में

### बोले- अपने हीरो को याद करें तेंदुलकर ने बिना कवर ड्राइव खेले 241 रन बनाए थे

लगातार कॉट बिहाइंड आउट हो रहे थे। सिडनी के उस टेस्ट में सचिन तेंदुलकर ने मैराथन 10 घंटे से ज्यादा बैटिंग की थी। गावस्कर ने कहा कि कोहली को भी सचिन की उस पारी की तरह धैर्य और कंट्रोल दिखाने की जरुरत है। सचिन ने ऑफ साइड में थर्ड मैन को छोड़कर को कहीं शॉट नहीं खेला था। तेंदुलकर ने अपने पूरे रन लेग साइड में बनाए थे। गावस्कर ने आगे कहा कि कोहली इस दौरे में 3 बार विकेट के पीछे आउट हो चुके हैं। उन्हें जरुरत है कि वे ऑफ स्टंप के सभी बाहर की गेंद पर डिफेंसिव तरीके से खेले और रन बनाने के लिए अपने बॉटम हैंड का उपयोग करे। उनके पास शानदार फ्लिक शॉट है जिससे वह ग्राउंड के दूसरी तरफ रन बना सकते हैं। विराट कोहली बॉर्डर-गावस्कर सीरीज 2024-25 में 3 बार विकेट के पीछे आउट हो चुके हैं। आज कवर ड्राइव खेलते हुए 3 रन बनाकर वह आउट हुए, जिसके बाद कोहली गूगल के टॉप ट्रेंड पर हैं।

## बांग्लादेश ने पहली बार विंडीज में जीता टी-20 मैच

● सेंट विंसेट

**बांग्लादेश** ने पहले टी-20 मैच में वेस्टइंडीज को 7 रन से हरा दिया है। बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को उसके घर पर पहली बार टी-20 में हराया है। सोमवार को सेंट विंसेट में खेले गए मैच में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकोट पर 147 का स्कोर बनाया। जवाब में विंडीज टीम 19.5 ओवर में 140 रन पर ही सिमट गई।

बांग्लादेश ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। दूसरा मैच 18 दिसंबर को किंग्सटन में खेला जाएगा। ऑलराउंडर मेहदी हसन पहले 26 रन बनाकर नाबाद रहे। उसके बाद 4 विकेट भी झटके। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टॉस हारकर पहले खेलते हुए बांग्लादेश ने 30 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद सौम्य सरकार और जाकेर अली ने पारी को संभाला। सौम्य ने 32 गेंद पर 43 रन और जाकेर ने 27 गेंद पर 27 रन

### वेस्टइंडीज को पहले मैच में 7 रन से हराया, मेहदी हसन बने मैन ऑफ द मैच

बनाए। मेहदी हसन ने नाबाद 26 रन की पारी खेली। आखिर में शमीम हुसैन ने 13 गेंदों में 27 रन बनाकर टीम को 147 रन के स्कोर तक पहुंचाया। वेस्टइंडीज के लिए अकील हुसैन और ओबेड मैकॉय ने 2-2 विकेट झटके। रोस्टन चेज और रोमारियो शेफर्ड को 1-1 विकेट मिला। पॉवेल ने 35 गेंद पर 60 रन बनाए टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने 38 रन के स्कोर तक अपने 5 विकेट गंवा दिए। कप्तान रोवमैन पॉवेल ने अर्धशतक लगाया, लेकिन जीत नहीं दिला सके। पॉवेल ने 35 बॉल पर 60 रन बनाए। रोमारियो शेफर्ड ने 22 और जोनसन चार्ल्स 20 रन का योगदान दिया। बांग्लादेश के लिए मेहदी हसन ने 4 विकेट झटके।

## हैमिल्टन में विलियमसन ने जड़ा शतक

### न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में बनाए 453 रन, कुल बढ़त 657 रन की

### इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 18 रन पर गवाएं दो विकेट, अभी भी 640 रन पीछे

● हैमिल्टन,

**केन** विलियमसन (156), डैरिल मिचेल (60), मिचेल सैंटनर (49) और टॉम ब्लंडल (नाबाद 44) की साहसिक बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने सोमवार को तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन 658 रनों का विशाल लक्ष्य देते हुए इंग्लैंड के दूसरी पारी में 18 रन के स्कोर पर दो विकेट झटककर मैच पर अपना शिकंजा कस लिया है।

यहां न्यूजीलैंड ने रविवार के तीन विकेट पर 136 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। केन विलियमसन और रचिन रवींद्र की जोड़ी ने चौथे विकेट के लिए 107 रन जोड़े। मैथ्यू पॉट्स ने रचिन रवींद्र (44) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये



डैरिल मिचेल ने मोर्चा संभाला। डैरिल मिचेल (60) को जेकब बेथेल ने आउट किया। ग्लेन फिलिप्स (03) और मिचेल सैंटनर (49) रन बनाकर आउट हुये। केन विलियमसन ने 204 गेंदों में 20 चौके और एक छक्का लगाते हुए (156) रनों की शानदार पारी खेली। न्यूजीलैंड ने 101.4 ओवर में 453 रन बनाये। और पहली पारी के आधार पर मिली 204 रनों की बढ़त के साथ इंग्लैंड को जीत के लिए 658 रनों का लक्ष्य दिया। इंग्लैंड की ओर से जेकब बेथेल ने तीन, बेन स्टोक्स और शोएब बशीर ने दो-दो विकेट लिये। मैथ्यू पॉट्स, गस ऐटकिंसन और जो रूट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में बेन डकेट (04) का विकेट गवां दिया। उन्हें टिम साउदी ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद पांचवें ओवर में मैट हेनरी ने जैक क्रॉली (05) को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेजकर इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय इंग्लैंड छह ओवर में 18 रन पर दो विकेट गवांकर मुश्किल में थी और जेकब बेथेल (09) रन बनाकर क्रीज पर है।

न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी और टिम साउदी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 347 रन बनाये थे। वहीं इंग्लैंड पहली पारी में 143 रन ही बना सकी थी।

## इंग्लैंड की महिला टीम ने 395 रनों पर पारी की घोषित

**ब्लूमफोंटेन, वार्ता** : माया बाउचियर (126) और नेट साइबर ब्रंट (128) रनों की शतकीय पारियों के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने इकलौते टेस्ट मैच के दूसरे दिन सोमवार को नौ विकेट पर 395 रन बनाने के बाद पारी घोषित कर दी और इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के 113 रन पर दो विकेट झटक कर मैच अपनी पकड़ बना ली हैं।

इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए टेस्ट मैच के दूसरे दिन 92 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर अपनी पहली पारी 395 रन बनाकर घोषित कर दी। माया बाउचियर ने 154 गेंदों में 22 चौके और दो छक्के लगाते हुए (126) रनों की पारी खेली। वहीं नेट साइबर ब्रंट ने 145 गेंदों में 18 चौके लगाते हुये (128) रन बनाये। इनके अलावा एमी जोंस (39), कप्तान हीथर नाइट (20), टैमी बोमॉन्ट (21) और सोफी एकल्स्टन (21)रन बनाकर आउट हुई। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एन म्लाबा ने चार विकेट लिये।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़्वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)